

चुनाव के नतीजों के बाद मुल्क के कई हिस्सों में मुसलमानों पर हमले बढ़ रहे हैं। क्या संघ परिवार मुसलमानों से बदला ले रहा है?

R.N.I.NO UPHIN/2010/39063

हिन्दी दैनिक

# सिन्धु टाइम्स

सिन्ध सदियों से हमारे देश की पहचान है, यह नदी गुज़रे जहां से समझो हिन्दुस्तान है।

वर्ष : 14 अंक : 241 | लखनऊ शुक्रवार,14 जून 2024 | पृष्ठ : 8 | मूल्य – 2 रुपये



3 बारिश के पूर्व ड्रेनेज व्यवस्था का.... | 6 फतेहपुर तहसील समागार में .... | सात फेरे लेंगी या निकाह करेंगी..... 8

## अब सास-बेटा-बहू सम्मेलन कराएगी योगी सरकार

### जनसंख्या पर नियंत्रण के लिए बनाई योजना

**योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश की जनसंख्या में कमी लाने के लिए सास, बेटा और बहू सम्मेलन कराने का निर्णय लिया गया। सरकार की उम्मीद है कि परिवार में बेहतर समझ पैदा कर जनसंख्या की समस्या से निपटने में मदद मिल सकती है।**



लखनऊ 13 जून (एजेंसी) देश की जनसंख्या में कमी लाने के लिए श्जनसंख्या नियंत्रण कानूनश लाने की बात भले ही सिरे चढ़ती न दिखाई देती हो, दूसरे तरीकों से इसमें कमी लाने के प्रयास जारी हैं। योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश की जनसंख्या में कमी लाने के लिए सास, बेटा और बहू सम्मेलन कराने का निर्णय लिया गया। सरकार की उम्मीद है कि परिवार में बेहतर समझ पैदा कर जनसंख्या की समस्या से निपटने में मदद मिल सकती है।

27 जून से 10 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा

दरअसल, 27 जून से जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का दूसरा चरण कम्युनिटी मोबिलाइजेशन शुरू होगा, जो 10 जुलाई तक चलेगा। लोगों को परिवार नियोजन के महत्त्व के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों जैसे, सारथी वाहन और सास–बेटा–बहू सम्मलेन का आयोजन किया जाएगा। इसमें परिवारों में अधिक जनसंख्या के नुकसान से लोगों को जागरूक किया जाने की तैयारी है। तीसरे चरण में सभी स्वास्थ्य इकाईयों में परिवार नियोजन के विभिन्न साधानों (बास्केट ऑफ च्वाइस) के बारे में परामर्श दिया जाएगा और योग्य एवं इच्छुक लाभार्थियों के लिए को यह साधन उपलब्ध भी कराए जाएंगे। प्रदेश में सकल प्रजनन दर (टीएफआर) में कमी आई है। राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण– 5 ( 2019–20 ) के अनुसार यूपी में टीएफआर 2.4 है, जबकि एनएफएचस–4 (2015–16) में यह आंकड़ा 2.7 था। सरकार इसमें और कमी लाने के लिए प्रयास कर रही है।

## वैश्विक दक्षिण के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे: मोदी



नयी दिल्ली 13 जून (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी–7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली रवाना होने से पहले कहा कि उन्हें इस सम्मेलन में उन मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा जो वैश्विक दक्षिण के लिए महत्वपूर्ण हैं।श्री मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल की पहली विदेश यात्रा पर रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा, "प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर, मैं 14 जून 2024 को जी–7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली के अपुलिया क्षेत्र की यात्रा कर रहा हूं। मुझे खुशी है कि लगातार तीसरे कार्यकाल में मेरी पहली यात्रा जी–7 शिखर सम्मेलन के लिए इटली की है।"

उन्होंने कहा, "मैं 2021 में जी20 शिखर सम्मेलन के लिए अपनी इटली यात्रा को गर्मजोशी से याद करता हूं। पिछले साल प्रधानमंत्री मेलोनी की भारत की दो यात्राएं हमारे द्विपक्षीय एजेंडे में गति और गहराई लाने में सहायक सिद्ध हुईं हैं। हम भारत–इटली रणनीतिक साझीदारी को मजबूत करने और भारत–प्रशांत और भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"श्री मोदी ने कहा, "आउटरीच सत्र में चर्चा के दौरान कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन और आगामी जी7 शिखर सम्मेलन के परिणामों के बीच अधिक तालमेल लाने और उन मुद्दों पर विचार–विमर्श करने का अवसर होगा जो वैश्विक दक्षिण के लिए महत्वपूर्ण हैं।"प्रधानमंत्री ने कहा कि वह शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य नेताओं से मिलने के लिए भी उत्सुक हैं।

## नागपुर के पास बारूद बनाने वाली फैक्ट्री में जोरदार धमाका, 5 की मौत, अनिल देशमुख मौके पर मौजूद

नई दिल्ली 13 जून (एजेंसी) शहर के पुलिस आयुक्त ने एएनआई को बताया कि नागपुर के धमना में एक विस्फोटक निर्माण फैक्ट्री में विस्फोट में कम से कम पांच लोग मारे गए और पांच घायल हो गए। इस घटना में करीब 4–5 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 4 महिलाएं भी शामिल हैं। हमारी जांच जारी है। पुलिस आयुक्त रविंदर सिंघल ने एएनआई को बताया, हमारी टीम, अपराध शाखा और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं, कार्रवाई की जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट शहर से लगभग 25 किमी दूर हिंगना पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत धमना गांव में चामुंडी एक्सप्लोसिव प्राइवेट लिमिटेड में हुआ।एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने कहा कि विस्फोट दोपहर करीब 1 बजे हुआ जब कर्मचारी विस्फोटक पैक कर रहे थे। मजदूरों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल लाया गया है। छब्ैच्‍ नेता अनिल देशमुख मौके पर मौजूद हैं। अनिल देशमुख ने बताया कि दोपहर की घटना है, इसमें लगभग 5 कामगारों की मृत्यु हुई है व कई लोग घायल हैं। जब यह घटना हुई तो यहां का मालिक और मैनेजर भाग गया... घायलों को इलाज के लिए भेजा गया है... विस्फोटक विभाग की एक टीम यहां है और आगे की जांच चल रही है।

## उ0प्र0 विधानसभा में विपक्ष के नये नेता के मसले पर सपा में सरगर्मियां तेज

***अखिलेश यादव विधानसभा सदस्य और नेता प्रतिपक्ष थे, लेकिन उन्होने बुधवार को करहल विधानसभा सीट से इस्तीफा दे दिया। इस तरह विधानसभा की सीट केसाथ साथ नेता प्रतिपक्ष का पद भी रिक्तहो जायेगा।***



लख जून (एजेंसी) समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा तेज हो गयी है कि अब उनके स्थान पर नेता प्रतिपक्ष कौन होगा।सूत्रों की मानें तो पार्टी अपने वरिष्ठ विधायकों शिवपाल यादव (जसवंतनगर), माता प्रसाद पांडे (इटवा), इंद्रजीत सरोज (मंझनपुर), राम अचल राजभर (अकबरपुर) और रविदास मेहरोत्रा (लखनऊ) में से किसी को विपक्ष का नया नेता चुन सकती है।नेता प्रतिपक्ष को लेकर पार्टी मुख्यालय में सरगर्मी तो हैं लेकिन इस बाबत कोई भी बड़ा नेता कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। इस बारे में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने पीटीआई–से कहा, पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव विधानसभा में नेता विपक्ष कौन होगा। इस बाबत जल्द ही कोई फैसला लेंगे।उनसे पूछा गया कि नेता प्रतिपक्ष के लिए किस पार्टी नेता का नाम ऊपर चल रहा हैं तो उन्होंने कहा कि अभी किसी एक नाम पर भी विचार नही हुआ है। समाजवादी पार्टी ने 2024 लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। उप्र की 80 सीटों में से 37 सीटें जीतने के बाद पार्टी के हौसले काफी बुलंद हैं।अखिलेश यादव विधानसभा सदस्य और नेता प्रतिपक्ष थे, लेकिन उन्होंने बुधवार को करहल विधानसभा सीट से इस्तीफा दे दिया। इस तरह विधानसभा की सीट केसाथ साथ नेता प्रतिपक्ष का पद भी रिक्त हो जायेगा। अखिलेश कन्नौज लोकसभा सीट से सांसद बने रहेंगे।

## डाक विभाग भर्ती घोटाला : सीबीआई ने ओडिशा में 67 स्थानों पर छापेमारी की

***सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में बताया, ये प्रमाण पत्र इलाहाबाद के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, कोलकाता के पश्चिम बंगाल बोर्ड, रांची के झारखंड शैक्षणिक परिषद और अन्य बोर्डों ने कथित तौर पर जारी किए थे।***




नई दिल्ली 13 जून (एजेंसी) केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) डाक विभाग में कथित भर्ती घोटाले के संबंध में ओडिशा में 67 जगहों पर छापेमारी कर रहा है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। डाक विभाग की एक वर्ष पुरानी शिकायत पर सीबीआई ने यह कार्रवाई की।विभाग ने शिकायत में आरोप लगाया कि ग्रामीण डाक सेवक परीक्षा के 63 अभ्यर्थियों ने कथित रूप से फर्जी प्रमाणपत्र दाखिल किये। सीबीआई के 122 अधिकारियों और अन्य विभागों के 82 कर्मियों सहित 204 से अधिक अधिकारियों ने इन फर्जी प्रमाण पत्रों को उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदार अंतरराज्यीय संगठित गिरोह का पर्दाफाश करने के उद्देश्य से कालाहांडी, नुआपाड़ा, रायगढ़, नबरंगपुर, कंधमाल, केंदुझार, मयूरभंज, बालासोर और भद्रक में विभिन्न परिसरों पर छापेमारी की।सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में बताया, ये प्रमाण पत्र इलाहाबाद के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, कोलकाता के पश्चिम बंगाल बोर्ड, रांची के झारखंड शैक्षणिक परिषद और अन्य बोर्डों ने कथित तौर पर जारी किए थे।शिकायत में इन जाली प्रमाण पत्रों को बनाने और अभ्यर्थियों तक पहुंचाने में एक अंतरराज्यीय गिरोह की कथित संलिप्तता का आरोप लगाया गया है। डाक विभाग ने ग्रामीण डाक सेवक (जीडीएस) के 1,382 पदों पर भर्ती निकाली थी।विभाग ने 27 जनवरी, 2023 को ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए थे, जिसमें न्यूनतम योग्यता किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास होना और स्थानीय में दक्षता नियत थी। ओडिशा डाक विभाग द्वारा प्रमाण पत्रों के सत्यापन से पता चला कि बालेश्वर, मयूरभंज, कालाहांडी और बरहामपुर सहित विभिन्न डाक प्रभागों के 63 अभ्यर्थियों ने 10वीं पास के जाली या फर्जी प्रमाण पत्र दाखिल किए हैं।

## जमीन घोटाले में झामुमो नेता अंतु तिर्की सहित 10 आरोपियों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट

रांची 13 जून (एजेंसी) पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अंतू तिर्की सहित 10 अभियुक्तों के खिलाफ ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर पीएमएलए स्पेशल कोर्ट ने गुरुवार को संज्ञान लिया। इन आरोपियों के खिलाफ चार्ज फ्रेम होने के बाद मुकदमे की सुनवाई होगी। आरोपियों में कोलकाता स्थित रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के ऑफिस के दो कर्मी संजीत कुमार एवं तापस घोष, हजारीबाग निवासी डीड राइटर मो. इरशाद, जमीन कारोबारी अफसर अली, प्रियरंजन सहाय, सद्दाम हुसैन एवं बिपिन सिंह शामिल हैं।

इन सभी को ईडी ने पिछले महीने गिरफ्तार किया था। बाद में एजेंसी ने झामुमो नेता अंतू तिर्की सहित कई अभियुक्तों को रिमांड पर लेकर उनसे पूछताछ की थी। जमीन घोटाले में ईडी द्वारा 2023 में की गई छापेमारी में इनमें से कुछ अभियुक्तों के यहां से बड़ी संख्या में फर्जी डीड बरामद किए गए

## 'देश के तमाम मजलूम लोग मिलकर संविधान की लड़ाई लड़ें, तभी भारत विश्व गुरु बनेगा: मौलाना सज्जाद नोमानी'

13 जून 2024 लखनऊ। विश्व विख्यात मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना खलीलुर रहमान सज्जाद नोमानी के लखनऊ स्थित आवास पर गुरुवार को नगीना सीट से नवनिर्वाचित सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मुलाकात की। मौलाना सज्जाद नोमानी ने अपने बयान



में कहा कि नगीना सीट से नवनिर्वाचित सांसद चंद्रशेखर आजाद को मुबारकबाद देता हूं। उन्हें समाज के सभी तबकों ने अपना बहुमूल्य वोट देकर संसद भेजने का कार्य किया है। आजाद को देखकर लगता है कि वो देश में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। मौलाना सज्जाद नोमानी ने कहा कि देश दोराहे पर खड़ा है। अगर भारत के मजलूम लोग इकट्ठा होंगे, उन्हें अच्छा लीडर मिल जाए और संविधान की लड़ाई ईमानदारी के साथ लड़ी गई तो जरूर भारत विश्व गुरु बन जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर मजलूम आपस में बिखरे रहें, उन्हें अच्छी लीडरशिप ना मिली और मजलूम तबका पहचाना नहीं तो धर्म स्थल गिराए जाएंगे, महिलाएं सुरक्षित नहीं रहेंगी, जो पिछले 10 वर्षों से हो रहा है। चंद्रशेखर आजाद को देखकर लगा कि वो देश में परिवर्तन ला सकते हैं। इस पार्टी को मजबूत करें क्योंकि इस पार्टी में दलित, मुस्लिम, सभी अल्पसंख्यक वर्ग, ओबीसी आदि को उचित सम्मान और प्रतिनिधित्व मिल रहा है। मौलाना सज्जाद नोमानी ने कहा कि मुस्लिम दलित गठबंधन ने प्रदेश को नया लीडर दिया है। मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि मुस्लिम लीडरशिप को जानबूझकर खत्म किया जा रहा है। सभी पार्टियों को मुस्लिम समाज का वोट चाहिए लेकिन उनकी लीडरशिप नहीं। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश की बात हो या देश की मुसलमानों ने सभी का पूरा साथ दिया है। आजाद समाज पार्टी में पंचायत स्तर से लेकर ऊंचे स्तर तक सभी वर्ग को समान अधिकार दिए जाएंगे। मौलाना नोमानी ने कहा कि अब दूसरे समाज के लोगों की भी जिम्मेदारी है कि मुस्लिम लीडरशिप को मजबूत करें। नगीना की सीट पर मुस्लिम दलित गठबंधन कामयाब तजुर्बा रहा है। इसलिए मुस्लिम दलित मिलकर एक दूसरे को समाजी और सियासी तौर पर मजबूत करें। तभी देश के सांप्रदायिक ताकतों से मुकाबला किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए आपसी तालमेल और भरोसा होना जरूरी है। आजाद समाज पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद ने अपने बयान में कहा कि इस चुनाव में भाजपा बनाम देश था। अयोध्या का नतीजा इस बात की गवाही दे रहा है कि जनता अपने असल मुद्दों पर लड़ना चाहती है। वह समाज में सौहार्द और प्रेम चाहती है। अयोध्या वासियों ने देश को एक पैगाम दिया है और बीजेपी इससे सबक हासिल करे कि धर्म, नफरत, तानाशाही, जुल्म की राजनीति नहीं चलने वाली बल्कि जनता के मुद्दों पर राजनीति होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में आरक्षण बचा ही नहीं सिर्फ झुनझुना दिया जा रहा है। सरकारी नौकरी खत्म की जा रहा है। दलित समाज में गुस्सा था कि भाजपा उनके बच्चों के भविष्य के खिलाफ षड्यंत्र कर रही है। इसलिए देश की जनता ने भाजपा के खिलाफ वोटिंग की। इससे उन्हें सबक सीखना चाहिए।

## पास्को मामले में बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी, बेंगलुरु की अदालत का फैसला

***बेंगलुरु की एक अदालत ने गुरुवार को कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंती और वरिष्ठ भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया। यह कार्रवाई उनके खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (च्व्ब्ैव्) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले से संबंधित है।***



नई दिल्ली13 जून (एजेंसी) बेंगलुरु की एक अदालत ने गुरुवार को कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ गैर–जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया। यह कार्रवाई उनके खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (च्व्ब्ैव्) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले से संबंधित है। येदियुरप्पा, जिन्होंने राज्य सरकार में विभिन्न प्रमुख पदों पर कार्य किया है, अब बड़ी कानूनी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं क्योंकि अदालत इन गंभीर आरोपों के संबंध में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करना चाहती है।81 वर्षीय येदियुरप्पा ने आरोप से इनकार किया है और कहा है कि वह कानूनी रूप से मामला लड़ेंगे। इससे पहले दिन में, कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि मामले की जांच कर रहे आपराधिक जांच विभाग (ब्प्क्) ने उन्हें पूछताछ के लिए पेश होने के लिए एक नोटिस जारी किया है, और यदि आवश्यक हो तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है।उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ष्नोटिस प्रक्रियागत रूप से दिया गया है, 15 जून तक चार्जशीट दाखिल की जानी है। उससे पहले वे (सीआईडी) चार्जशीट दाखिल करेंगे। उन्हें इसके लिए प्रक्रिया का पालन करना होगा।

## भुजबल राज्यसभा सीट पर नाराज, नामांकन के बाद आया सुनेत्रा पवार का रिएक्शन



नई दिल्ली13 जून (एजेंसी) राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में कलह थमने का नाम नहीं ले रही है। पहले तो लोकसभा चुनाव के परिणाम पार्टी के अनुकूल नहीं रहे। लोकसभा में एक सीट ही उनके खाते में गई। फिर मंत्री पद को लेकर बीजेपी से कैबनिटे पद नहीं दिए जाने की बात कहकर मंत्री परिषद में शामिल होने से पार्टी ने इनकार किया। वहीं लोकसभा चुनाव जीते एकमात्र सांसद तटकरे के राज्य मंत्री पद की चाह की बात भी सामने आई। अब सुप्रिया सुले के हाथों बारामति लोकसभा चुनाव में हार का सामना करने वाली अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा को राज्यसभा भेजे जाने का मामला नए विवाद को जन्म दे रहा है। महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि पार्टी के कोर ग्रुप के सदस्यों ने सर्वसम्मति से सुनेत्रा पवार को राज्यसभा सीट देने का फैसला किया है। लेकिन चर्चा के बाद हमने फैसला किया है कि सुनेत्रा पवार को राज्यसभा भेजा जाना चाहिए। मैं इस फैसले से बिल्कुल भी परेशान नहीं हूं। हमने पार्टी के लिए यह फैसला लिया है। भुजबल के बयान के बाद सुनेत्र पवार ने राज्यसभा सांसद नामांकन के बाद अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि इस बात की खुशी है कि हमारी पार्टी ने हमपर विश्वास जताया है, हम उनके विश्वास पर खरा उतरते हुए एक अच्छे लोकप्रतिनिधि के रूप में अच्छा काम करेंगे।सबने हमें शुभकामनाएं दी हैं।एनसीपी नेतृत्व को अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा या उनके बेटे पार्थ में से किसी एक को चुनना था। पार्टी ने निर्णय लिया और सुनेत्रा को नामांकित करने का निर्णय लिया। अन्य उम्मीदवार अनुभवी ओबीसी नेता और राज्य के खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री छगन भुजबल और पूर्व कांग्रेस मंत्री बाबा सिद्दीकी, जो राकांपा में शामिल हो गए थे, और पूर्व लोकसभा सांसद आनंद परांजपे थे।

# कुर्बानी करते समय न तो फोटो खीचें और न उसको सोशल मीडिया पर अपलोड करें।

## इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया ने ईद उल अज़्हा के सिलसिले में एडवाइजरी जारी की

लखनऊ, 13 जून। इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया फरंगी महल के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली इमाम ईदगाह व काजी–ए–शहर लखनऊ ने निम्नलिखित बिन्दुओं पर आधारित बकरईद के सम्बन्ध में एडवाइजरी जारी की:

1– ईद उल अज़्हा में हर साहिब–ए–हैसियत मुसलमान पर कुर्बानी करना वाजिब है। 2– ईद उल अज़्हा के 3 दिनों (10, 11, 12 जिलहिज्ज मुताबिक़ 17, 18 और 19 जून 2024) में कुर्बानी करना कोई रस्म नही बल्कि खुदा पाक की पसन्दीदा इबादत है। यह हजरत इब्राहीम अलै0 और हजरत इस्माईल अलै0 की सुन्नत है। इन दिनों में इस का बदल कोई दूसरा नेक अमल नही हो सकता। इस लिए तमाम साहिबे निसाब मुसलमान कानूनी दायरे में रहते हुए कुर्बानी को जरूर अंजाम दें। 3– हमेशा की तरह उन्ही जानवरों की कुर्बानी की जाए जिन पर कोई कानूनी पाबन्दी नही है। 4– कुर्बानी वाली जगहों पर सफाई सुत्थराई का विषेश एहतिमाम किया जाए। 5– खुली जगह या सड़क के किनारे, गली और पब्लिक स्थानों पर कुर्बानी न की जाए। 6– जानवरों की गन्दगी रास्तों या पब्लिक स्थानों पर न फेंके बल्कि नगर निगम के कोड़ेदानों ही का प्रयोग करें। 7–कुर्बानी के जानवरों का खून नालियों में न बहायें। ऐसा करना धार्मिक ऐतिबार से ना पसन्दीदा है और स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। उसको कच्ची जमीन में दफन कर दें ताकि वह पौधों और पेड़ों की खाद बन सके। 8– जानवर के गोष्त की तकसीम अच्छी तरह पैक करके की जाए। 9–गोष्त का तिहाई हिस्सा गरीबों और जरूरत मन्दों को जरूर दिया जाए। 10– कुर्बानी करते समय ना तो फोटो ली जाए, ना वीडियो बनायी जाए और न उसको सोषल मीडिया पर अपलोड किया जाए। 11–जानवर की खालें खुदा की राह में सद्का करें। 12– ईद उल अज़्हा की नमाज़ के बाद सख़्त गर्मी से राहत के लिए खुसूसी दुआ की जाये। हम को उम्मीद है कि इन बातों पर अमल किया जायेगा।

# मायावती ने कुवैत अग्निकांड हादसे में भारतीयों की मौत पर जताया दुख, 41 भारतीयों की मौत



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने कुवैत अग्निकांड हादसे में भारतीयों की मौत पर दुख जताया तथा केंद्र सरकार से पीड़ितों के परिजन की पूरी मदद करने की मांग की है। मायावती ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, कुवैत अग्निकांड हादसे में, 41 भारतीयों की मौत होना अत्यंत दुःखद है। मरने वालों के परिवार के प्रति गहरी संवेदना है तथा घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करती हूं। केन्द्र सरकार, उनके परिवार वालों की पूरी मदद करें। गौरतलब है कि बुधवार को कुवैत में मंगाफ शहर की एक इमारत में आग लगने से करीब 40 भारतीयों सहित 49 विदेशी श्रमिकों की मौत हो गई और 50 अन्य लोग घायल हो गए। इस घटना में जान गंवाने वाले लोगों में से अब तक नागरिकों की पहचान हो सकी है, जो केरल के रहने वाले थे। शव की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। अग्निकांड में मरने वाले ज्यादातर केरल और तमिलनाडु के लोग हैं। इस हादसे की खबर के बाद दोनों राज्यों के परिवारों में गम का माहौल है। प्रधानमंत्री ने कुवैत में आग की घटना से संबंधित स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक की है। पीएम मोदी ने कुवैत में आग लगने की घटना में मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतक भारतीय नागरिकों के परिवारों को 2 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की गई है। वहीं, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर कुवैत में आग लगने की घटना में केंद्र के हस्तक्षेप की मांग की है। इस घटना में ज्यादातर मलयाली लोगों की जान गई है। अपने पत्र में विजयन ने कहा कि उन्हें ऐसी खबरें मिली हैं कि कुवैत के मंगाफ में एनबीटीसी कैंप के नाम से जाने जाने वाले एक कैंप में आग लग गई है और केरल के कुछ लोगों सहित कई भारतीयों की जान चली गई है।

# लखनऊ की 23 सदस्यीय टीम 15वीं उत्तर प्रदेश राज्य पंजा कुश्ती चौंपियनशिप में करेगी प्रतिभाग

## तीन दिवसीय चौंपियनशिप की 14 जून को होगी शुरुआत

लखनऊ, 13 जून 2024। मेजबान लखनऊ की 23 सदस्यीय टीम शुक्रवार से चौक स्थित जवाहर लाल नेहरु राष्ट्रीय युवा केंद्र में खेली जाने वाली 15वीं उत्तर प्रदेश राज्य पंजा कुश्ती चौंपियनशिप में अपनी चुनौती पेश करेगी। उत्तर प्रदेश पंजा कुश्ती एसोसिएशन के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश नॉन ओलंपिक एसोसिएशन व जिला पंजा कुश्ती एसोसिएशन लखनऊ द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित इस चौंपियनशिप के लिए लखनऊ टीम की घोषणा गुरुवार को की गई। जिला पंजा कुश्ती एसोसिएशन लखनऊ के सचिव मुकेश बहादुर ने बताया कि तीन दिवसीय इस चौंपियनशिप में लखनऊ के लिए चयनित टीम में विभिन्न आयु वर्ग में पुरुषों में 16 खिलाड़ियों व महिलाओं में 7 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव ने इस चौंपियनशिप में मेजबान खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। चौंपियनशिप का उद्घाटन 14 जून को प्रातरू 9 बजे मुख्य अतिथि तरुण गाबा (आईपीएस, पुलिस महानिरीक्षक, लखनऊ रेंज) करेंगे।

चौंपियनशिप के लिए चयनित लखनऊ टीम इस प्रकार हैंः–

पुरुष : अफजल शमीम (15 साल, 53 किग्रा), सैयद मोहम्मद हैदर जैदी (18 साल, 78 किग्रा), सैयद मोहम्मद हसनैन रिजवी (16 साल, 43 किग्रा), फैजल अब्बास (16 साल, 52 किग्रा), गाजी अब्बास (16 साल, 52 किग्रा), मोहम्मद अली (15 साल, 45 किग्रा), वली हैदर (15 साल, 49 किग्रा), मोहम्मद रिजवी (14 साल, 48 किग्रा), मोहम्मद फैज खान (14 साल, 75 किग्रा), अली अब्बास (16 साल, 45 किग्रा), सैयद अल्माश मेहदी (15 साल, 71 किग्रा), कामरान हैदर रिजवी (15 साल, 44 किग्रा), यश सैनी (14 साल, 90 किग्रा), रामू पाण्डेय (51 साल, 70 किग्रा), कृष्ण अवतार गुप्ता (77 साल, 68 किग्रा), मनोज बाजपेयी (54 साल, 72 किग्रा)। महिला रू समाना रिजवी (15 साल, 76 किग्रा), रबाब फातिमा (14 साल, 59 किग्रा), मायशा सिद्दीकी (14 साल, 43 किग्रा), आलिया जेहरा हुसैन (14 साल, 55 किग्रा), वाहिबा फातिमा (14 साल, 45 किग्रा), प्रिया पाण्डेय (26 साल, 50 किग्रा) व मोहिनी श्रीयश (28 साल, 48 किग्रा)।

# गोमती नगर में लगी आग,झोपड़पट्टी में रखा प्लास्टिक का कबाड़ जला, 50 घर जलने से बचे

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर में झुग्गियों में गुरुवार को आग लग गई। जिसमें कबाड़ का रखा सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू लिया



है। फिलहाल किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। फायर ब्रिगेड ने आसपास बनी झोपड़ियों को भी आग की चपेट में आने से बचा लिया। जानकारी के मुताबिक गोमती नगर फायर स्टेशन को गुरुवार सुबह 10.30 बजे आग की सूचना मिली। आग सहारा अस्पताल के पीछे बनी झुग्गियों में आग लगी थी। जो विकराल रूप ले चुकी थी। फायर ब्रिगेड ने 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग वहां पर रखे कबाड़ में लगी थी। जिसमें पानी बोतल व पुराना प्लास्टिक का सामान रखा हुआ था। वहीं आसपास करीब 50 झोपड़ियां बनी थी। जिन्हें आग की चपेट में आने से पहले बचा लिया गया।

# राजभवन पहुंचा पीसीएस–जे परीक्षा में कॉपी की अदला–बदली का मामला

## प्रतियोगी छात्रों ने राज्यपाल को पत्र लिखकर दर्ज कराई शिकायत यूपीपीएससी और अध्यक्ष की भूमिका की उच्च स्तरीय जांच की मांग

लखनऊ । पीसीएस जे मुख्य परीक्षा– 2022 में कॉपी की अदला–बदली का मामला राजभवन पहुंच गया है। प्रतियोगी छात्रों ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को पत्र लिखकर मामले में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग यूपीपीएससी की कार्यप्रणाली और अध्यक्ष की भूमिका की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। राज्यपाल को लिखे पत्र में प्रतियोगी छात्रों ने समीक्षा अधिकारी आरओ एवं सहायक समीक्षा अधिकारी एआरओ प्रारंभिक परीक्षा–2023 में पेपर लीक का मुद्दा भी उठाया है। प्रतियोगियों का कहना कि जिस तरह पूर्व अध्यक्ष अनिल यादव के कार्यकाल के दौरान परीक्षाओं में पेपर लीक और कॉपी की अदला–बदली के मामले सामने आए थे, वही स्थिति वर्तमान में है। आयोग अपनी पुरानी कार्यप्रणाली पर आ गया है।पीसीएस जे मुख्य परीक्षा–2022 के अभ्यर्थी श्रवण पांडेय का दावा है कि अंग्रेजी विषय की कॉपी पर उसकी हैंडराइटिंग नहीं है यानि कॉपी बदली गई है। इस दावे की अभी पुष्टि नहीं हुई है और आयोग हकीकत का पता लगाने केलिए पीसीएस जे मुख्य परीक्षा की 18 हजार से अधिक कॉपियों की जांच करा रहा है। कॉपियों में अंकित फेक मास्टरकोड को डिकोड किया जा रहा है।आयोग की ओर से उठाए गए इस कदम पर भी प्रतियोगियों ने सवाल उठाए हैं और पूछा कि जांच के दौरान कॉपियों में फिर से कोई हेरफेर न हो, इसकी क्या गारंटी है। छात्रों ने राज्यपाल को लिखे पत्र में कहा है कि आरओ,एआरओ प्रारंभिक परीक्षा में आयोग ने पेपर लीक की घटना से साफ इनकार कर दिया था। अभ्यर्थियों के आंदोलन करने पर शासन ने सीधे हस्तक्षेप पर परीक्षा निरस्त की थी, वरना आयोग तो मनमानी पर उतारू था। पीसीएस जे मुख्य परीक्षा में कॉपी की अदला–बदली का मामला सामने आने पर अभ्यर्थी को न्यायालय की शरण में जाना पड़ा, तब आयोग ने कॉपियों की जांच शुरू कराई। प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी प्रशांत पांडेय का आरोप है कि आयोग में अभ्यर्थियों की सीधे तौर पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है और इसी वजह से आयोग अभ्यर्थियों के बीच अपनी विश्वसनीयता खो रहा है। ऐसे में आयोग की कार्यप्रणाली की उच्च स्तरीय जांच होनी ही चाहिए।

# नगर क्षेत्रः दावा बेहतर शिक्षा का और 43 साल से शिक्षकों की भर्ती नही

## शिक्षकों के अभाव मेंकई स्कूल बंद, कुछ शिक्षा मित्रों के सहारे फायदा उठा रहे निजी स्कूल

लखनऊ । दावा बेहतर शिक्षा का और 43 साल से शहरी क्षेत्रों के स्कूलों के शिक्षकों की भर्ती नहीं, कई विद्यालय शिक्षकों के अभाव में बंद हो गए ।व्यवस्था में सुधार और नगरीय क्षेत्र में पढ़ाई पर अधिक फोकस करने के लिए शहरी स्कूलों को नगर संवर्ग में लाने का फैसला उलटा साबित हुआ। करीब 43 साल पहले 1981 में जो नियमावली बनाई गई उससे कभी भी नगर क्षेत्र में शिक्षकों की भर्ती नहीं की गई। यहां छात्र संख्या कम हुई और कई स्कूल बंद हो गए ।बेसिक शिक्षा परिषद के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए शासन ने 1981 में बेसिक शिक्षा अध्यापक सेवा नियमावली में नगरीय व ग्रामीण संवर्ग को अलग कर दिया। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों के रिक्त पद भरने के लिए भर्तियां हुईं, लेकिन नगरीय क्षेत्रों की ओर ध्यान नहीं दिया गया ।बाद में सरकार ने शहरी क्षेत्र के स्कूलों में रिक्त पद भरने के लिए बीच का रास्ता निकाला। तय हुआ कि ग्रामीण क्षेत्र में पांच साल के बाद शिक्षकों की शहरी क्षेत्र में तैनाती की जा सकेगी लेकिन ग्रामीण से शहरी क्षेत्र में तैनाती पर उनकी वरिष्ठता वहां तैनात शिक्षकों से नीचे हो जाएगी। इस वजह से शिक्षकों ने नगर क्षेत्र में जाने में रुचि नहीं दिखाई। अब कई स्कूल शिक्षामित्रों या एकल शिक्षकों के भरोसे चल रहे हैं। खास बात ये कि यह स्थिति तब हुई, जब काफी शिक्षक शहरी क्षेत्र में तैनाती के लिए हर स्तर पर जोर लगाते या सिफारिश करवाते हैं। शहरी क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती न होने से यहां के स्कूलों पर संकट आ गया है। फायदा प्राइवेट कॉलेज ले रहे हैं। स्कूल बंद हो रहे हैं। शहरी क्षेत्र के गरीब बच्चों को पढ़ाई का अवसर नहीं मिल रहा है। प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डॉ. एमकेएस शंमुग्गा सुंदरम का कहना है कि नगरीय क्षेत्र में शिक्षकों की कमी की जानकारी हुई है। उच्च स्तर पर वार्ता के बाद समाधान निकाला जाएगा। कोई स्कूल सिर्फ इस कारण से बंद हुए हैं तो दोबारा शुरू कराया जाएगा। नगर क्षेत्र के स्कूलों को बेहतर स्थिति में लाया जाएगा। वर्तमान में नगर क्षेत्र में स्कूल हैं 4010,ग्रामीण क्षेत्र में स्कूल 1.32 लाख ,नगर क्षेत्र में शिक्षक हेड मास्टर व सहायक अध्यापक हैं 5097,ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षक हेड मास्टर व सहायक अध्यापक 2.65 लाख हैं। नियमावली में संशोधन की जरूरत है,जो शासन लेबल पर संभव है ।नगर क्षेत्र का एचआरए भी बेहतर होता है और शिक्षक भी काम करने के इच्छुक रहते हैं लेकिन उन्हें मौका ही नही मिलता है ।85 हजार पद खाली, फिर भी शिक्षक–छात्र अनुपात बेहतर बताया जाता है ।सरकार के आंकड़ों के अनुसार परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में स्वीकृत 4,17,886 पद के सापेक्ष प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक के 85,152 पद खाली हैं। इस तरह शिक्षक–छात्र अनुपात 31–1 का है। वहीं प्राथमिक में 1,47,766 शिक्षामित्रों को मिलाकर शिक्षक–छात्र अनुपात 21–1 का है। मानक के अनुसार शिक्षक–छात्र अनुपात पूरा है। नई भर्ती प्रस्तावित नहीं है ।लखनऊ के दो दर्जन से ज्यादा स्कूल शिक्षकों के अभाव में बंद हो गए। बाराबंकी में शिक्षक व बच्चों की कमी से 11 विद्यालय बंद हैं। यहां के बच्चों को अन्य विद्यालयों में शिफ्ट किया गया। रायबरेली में दो विद्यालय बंद हो गए तो कई शिक्षामित्रों के भरोसे चल रहे हैं। गोंडा के नगर क्षेत्र के 21 स्कूल शिक्षामित्र के भरोसे हैं तो पांच में एक–एक शिक्षक है। बलरामपुर में नगरीय क्षेत्र के 22 परिषदीय स्कूलों में सिर्फ 16 में शिक्षक हैं। बंद आठ स्कूलों में शिक्षामित्रों के सहारे पढ़ाई शुरू कराई गई है। अंबेडकरनगर में नगर क्षेत्र के 13 परिषदीय विद्यालयों में 6 शिक्षामित्रों के भरोसे हैं। ये तो कुछ उदाहरण मात्र हैं ।

# पुलिस में आउटसोर्सिंग से भर्ती के पत्र पर बवाल,सीएम खफा

लखनऊ । उत्तर प्रदेश पुलिस कुछ पदों के लिए आउटसोर्सिंग भर्ती करने वाली है। यह जानकारी जब एक पत्र के जरिए सोशल मीडिया पर वायरल हुई और कुछ वक्त बाद पत्र को निरस्त कर दिया गया तो हड़कंप मच गया ।सवाल उठे और सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया शुरू हो गई ।यूपी सीएम योगी इस मामले को लेकर खासे नाराज हैं ।कहते हैं कि डीजीपी प्रशांत कुमार ने इस मामले को लेकर सफाई दी है और कहा है कि पत्र त्रुटिवश जारी हो गया था। डीजीपी ने कहा कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से पहले से लिया जा रहा है लेकिन गलती से यह मिनिस्टीरियल स्टाफ के नाम से जारी हो गया। इसे निरस्त कर दिया गया है और ऐसा आदेश अमल में नहीं लाया जा रहा है। पत्र पुलिस कमिश्नर, आईजी रेंज, एडीजी जोन, पुलिस अधीक्षकों के नाम जारी हुआ था जिसमें लिखा था कि पुलिस विभाग आउटसोर्सिंग के जरिए कई पद भरने वाला है। जब पत्र जारी होकर निरस्त हुआ तो युवाओं में खासा असंतोष बना और सोशल मीडिया पर लिखा गया कि अगर पत्र गलती से जारी हुआतो कार्रवाई क्यों नहीं ? मामले को लेकर कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाराज हैं और यूपी पुलिस के अफसरों पर इसकी गाज गिर सकती है। उत्तर प्रदेश पुलिस की इस गलती से युवाओं में गुस्सा बढ़ सकता है। उन्हें मिली एक उम्मीद के अचानक टूट जाने जोड़कर देखी जा रही है। सर्कुलर वायरल हुआ तो जॉब को लेकर चर्चा चल पड़ी लेकिन अचानक निरस्तीकरण की खबर से अब युवाओं में नाराजगी बन सकती है। यूपी पुलिस ने कहा है कि इस तरह का आदेश शासन के अधीन विचार में नहीं है।

# हौजाए इलमिया जमियत तबलीग लखनऊ में अल्लामा शहंशाह हुसैन नकवी साहब की आमद पर सेमिनार




लखनऊ ।मदरसा जमियत तबलीग मौलाना आलिम साहब का मदरसा लखनऊ में पाकिस्तान से तशरीफ लाए हुए जनाब अल्लामा शहंशाह हुसैन नकवी साहब किबला की आमद पर एक इल्मी सेमिनार का आयोजन हुआ, जिसकी सदारत अमीरुल अल्लामा आयतुल्लाह हमीदुल हसन साहब किब्ला ने मुनाकिद फरमाई। नशिस्त इल्मी का आगाज तिलावत कलामे पाक मदरसे के उस्ताद जनाब मौलाना मोहम्मद इब्राहिम साहब ने किया। तिलावत कलामे पाक के बाद अल्लामा शहंशाह हुसैन नकवी साहब की खिदमत मदरसे के सरबरा हुज्जातुल इस्लाम जनाब मौलाना मिर्जा जाफर अब्बास साहब कब्लिा ने शाल पेश की एम्स स्कूल के प्रिंसिपल जनाब डॉक्टर सरवत तकी साहब ने अल्लामा हुसैन साहब की खिदमत किताबें पेश की। लखनऊ में हजरत अयातुल्लाह सीसतानी साहब के वकील हुज्जतुल इस्लाम आली जनाब मौलाना सैयद मोहम्मद अशरफुल गरवि साहब ने भी अल्लामा शहंशाह हुसैन नकवी साहब की खिदमत में अवार्ड और कुतुब पेश की। इसके बाद अल्लामा शहंशाह हुसैन नकवी साहब की गुल पोशी बादस्ते मौलाना मिर्जा जफर अब्बास साहब मौलाना मिर्जा ऐजाज अतहर साहब मौलाना मिर्जा रजा अब्बास साहब जनाब मौलाना डॉक्टर यासुब अब्बास साहब वा हौजाए इलमिया जामे अतुत तबलीग के दिगर असातेजा ने की इस्तिकबलिया तकरीर मदरसे के प्रिंसिपल जनाब मौलाना मिर्जा रजा अब्बास साहब ने फरमाई मौलाना मौसुफ ने अल्लामा शहंशाह हुसैन नकवी साहब की आमद पर उनका शुक्रिया अदा करते हुए अल्लामा को इस सदी का एक कामयाब और बा असर मुबल्लीग बताया। उन्होंने कहा कि आज अल्लामा शहंशाह हुसैन नकवी साहब की हक बयान तकरीर के जरिए हजारों अहले सुन्नत वल जमात मसलक से ताल्लुक रखने वाले हजरात मजहब शिया को कबूल कर रहे हैं। सरबरा हौजाए इलमिया जामे अतुत तबलीग हुज्जतुल इस्लाम वलमुसलेमिन आली जनाब मौलाना मिर्जा जाफर अब्बास साहब ने इस मौके पर तकरीर फरमाई। मौलाना मौसुफ ने पाकिस्तान से आए मेहमान अल्लामा शहंशाह हुसैन नकवी साहब की खिदमत में हौजाए अलमिया की तारीख वा खीदमात बयान की। बानीऐ सरकार फखरूल उलेमा मौलाना मिर्जा मोहम्मद अलीम साहब ताबे सरा की खिदमात पर रेशनी डाली। सदर मोहतरम अमीरुल उलेमा हजरत अयातुल्लाह सैयद हमीदुल हसन साहब कब्लिा ने बसीरत अफरोज तकरीर फरमाई। कलीदी तकरीर हजरत अल्लामा शहंशाह हुसैन नकवी साहब ने फरमाई। अल्लामा ने फरमाया की तालीम तदरीस ताल्लुम और मिम्बर वा मेहराब पर जोर देना चाहिए क्योंकि अगर आज मुबलीग को सही मानो में तबलिगे दिन और मारीफे अहलेबैत अलैहेमुस्सलाम लोगों तक पहुंचाना है तो उन पांच चीजों पर मुबल्लीगीने कराम को मेहनत करना होगा।

# ननिहाल आए युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

लखनऊ। ननिहाल में रह रहे एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला लखनऊ के निगोहां थाना क्षेत्र का है।



सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। मृतक अर्जुन (20) बछरावा जनपद के कसराया का रहने वाला है। वह कुछ दिनों पहले निगोहां के हरिकुवरखेड़ा गांव में ननिहाल में आया हुआ था। अर्जुन पेशे से मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। बीती बुधवार रात घर के सभी सदस्य रोजाना की तरह खाना खाकर सोने चले गए। अर्जुन घर के बाहर सो रहा था। सुबह उसके मामा के जागने पर अर्जुन अपने बिस्तर पर नहीं मिला। उन्होंने अंदर जाकर देखा तो कमरें के अंदर साड़ी के फंदे से अर्जुन का शव लटका हुआ मिला। पुलिस का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही युवक के परिजनों ने किसी पर कोई आरोप भी नहीं लगाया हैं।

# बंथरा में डंपर ने बाइक-सवार को मारी टक्कर,इलाज के दौरान युवक की मौत

लखनऊ। तेज रफ्तार डंपर ने बुधवार देर रात एक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना लखनऊ के बंथरा क्षेत्र की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बंथरा के पुराही खेड़ा निवासी सुधीर यादव (32) एक कैंटीन में काम करता था। बुधवार को रात करीब 10 बजे ड्यूटी करके घर वापस जा रहे था। इस दौरान बिजनौर की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे डंपर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सुधीर घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया था। जहां उसकी मौत हो गई। मृतक सुधीर यादव अपनी पत्नी कंचन और दो बेटियां प्रज्ञा और सृष्टि के साथ बंथरा में रहता था।

# गोमतीनगर के आईजीपी चौराहे पर बस-कार में टक्कर

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के विभूतिखंड में रोडवेज बस ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह से डैमेज हो गई। गनीमत रही कि कार चालक ने सीट बेल्ट लगाया था, जिसकी वजह से उसकी जान बच गई। कार चालक को सिर में चोट आई है, जिसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहीं, कार को टक्कर मारने के बाद चालक रोडवेज बस सहित मौके से फरार हो गया। बस बहराइच डिपो की बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस चालक के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रही है। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार सुबह करीब 8.30 बजे बहराइच डिपो की बस कमता की तरफ जा रही थी। तभी कार यूपी 32 ईजी 2527 हाईकोर्ट की तरफ से आ रही थी। चौराहे पर ही बस ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। बस में सवारियां भी थीं और बस चालक मौके से गाड़ी सहित फरार हो गया। दुर्घटना की वजह से सरकारी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है

# पूरे देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने वाले राज्यों में यूपी नंबर वन

लखनऊ । उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने 30 हजार मेगावाट से ज्यादा मांग के अनुरूप विद्युत आपूर्ति करने का रिकॉर्ड बनाया है। अधिकृत सूत्रों का दावा है कि 12 जून को उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने प्रदेश की अधिकतम डिमान्ड 30240 मेगावाट को पूरा किया। इसी दिन किसी भी दिवस की अधिकतम विद्युत खपत 653.526 मिलियन यूनिट (एमयू) का नया रिकॉर्ड भी बना। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने दावा किया कि प्रदेश में पहली बार गर्मी में उपभोक्ताओं को 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति की जा रही है। अत्यधिक तापमान और गर्मी के कारण विद्युत मांग प्रतिदिन नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है और विदयुत कर्मियों की कर्मठता से आपूर्ति के रिकाड भी बन रहे है। 11 जून को प्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक विद्युत मांग 29,820 मेगावाट पहुंच गई थी। विद्युत खपत भी लगभग 643 एमयू पहुंची थी। यह रिकॉर्ड 12 जून को टूट गया और नया रिकॉर्ड बना ।गत वर्ष 24 जुलाई 2023 में अधिकतम मांग 28,284 मेगावाट का रिकॉर्ड बना था। लेकिन इस बार मई माह में ही यह रिकाड टूट गया जब 22 मई को 28,336 मेगावाट तक मांग की आपूर्ति की गई। डॉ गोयल ने पुनरू अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लगातार पड़ रही भयंकर गर्मी एवं विद्युत की मांग में हो रही बढ़ोत्तरी को देखते हुए सावधानी बरतें। सभी कार्मिक इस चुनौतीपूर्ण समय में पूरी लगन और मेहनत के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। फोन उठाएं, क्षेत्र में पेट्रोलिंग करें तथा टोल फ्री नम्बर 1912 पर आने वाली सूचनाओं पर तत्काल कार्यवाई करें। अध्यक्ष का कहना है कि विद्युत मांग के अनुरूप बिजली की व्यवस्था की जा रही है। पावर कारपोरेशन ने पूर्वानुमान के अनुरूप विद्युत उपलब्धता की व्यवस्था कर रखी है और मांग बढ़ने पर अतिरिक्त व्यवस्था भी ससमय की जा रही है। उन्होंने बताया है कि सिस्टम की कैपेसिटी के कारण कही भी रोसटरिंग नही हो रही है। लोकल फाल्ट के कारण विद्युत आपूर्ति के बाधित होने की स्थिति में विदयुत कर्मी कम से कम समय में ठीक कर आपूर्ति बहाल करने हेतु प्रयासरत हैं।

# संक्षिप्त खबरें.......

## घर से निकला युवक लापता, पुलिस कर रही तलाश

सोहावल– अयोध्या(एजेंसी )। रौनाही थाना क्षेत्र के ड्योढ़ी बाजार निवासी युवक बाइक लेकर घर से निकला और संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। युवक की बाइक, चप्पल और हेलमेट सोहावल गोण्डा को जोड़ने वाली सड़क पर सरयू नदी पर बने ढेमवा घाट पुल पर पाया गया। इसे लेकर लोग युवक की नदी में कूदने की आशंका कर रहे हैं। शंका के आधार पर पुलिस व स्थानीय लोगों ने जाल व गोताखोरों की मदद से खोजने का प्रयास किया। लेकिन काफी प्रयास के बाद कुछ भी हासिल नहीं हो सका।अनुभव कौशल उर्फ शेरू पुत्र ननकऊ उम्र करीब 37 वर्ष घर से बाइक लेकर निकला और देर शाम तक वापस नहीं आने पर खोजबीन शुरू किया गया। युवक की बाइक चप्पल हेलमेट सरयू नदी के पुल पर मिलने से लोगों ने कूदने का कयास लगाना शुरू कर दिया है। इस सम्बंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया की मोबाइल के सहारे लापता युवक की तलाश की जा रही है।नदी में डूबने अथवा कहीं फरार होने दोनों पहलू पर जाँच की जा रही है। घर से फरार होने की अब तक संभावना ज्यादा दिखाई पड़ रही है।

## मिल्कीपुर क्षेत्र में चोरों का आतंक, जांच में जुटी पुलिस

मिल्कीपुर–अयोध्या(एजेंसी )। थाना खण्डासा क्षेत्र के विनायकपुर गांव में बेखौफ चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाते हुए लाखो के जेवरात व नगदी चोरी कर ले गए, सूचना पाकर पुलिस छानबीन शुरु कर दी।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना खण्डासा क्षेत्र के विनायकपुर गांव में बेखौफ चोरों ने बीते मंगलवार की देर रात एक के बाद एक तीन घरों में धावा बोलकर अलमारी, बक्सों का ताला तोड़कर उसमें रखे लाखों कीमत के जेवरात व नगदी चुराकर भगा निकले। पीड़ित परिवार की सूचना के बाद डायल 112 और थाना खण्डासा पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पीड़ितो के द्वारा दी गयी तहरीर पर अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस तलाश में जुट गयी है। थाना क्षेत्र के विनायकपुर गांव निवासी पूर्व प्रधान शेष राम मौर्या, घन श्याम मौर्या और कालिका प्रसाद अलग अलग बने घरों में अपने परिवार के साथ रहते है, बीती रात तीनों ही परिवारों के लोग खाना खाने के बाद सो गए। देर रात बैखोफ चोरों ने तीनों ही घरों में धावा बोलकर अलमारी व बक्सों का ताला तोड़कर लाखों रूपए कीमत के जेवरात उठा ले गए।

पीड़ित परिजनों के अनुसार शेष पाल मौर्या पुत्र साहब दयाल मौर्य के यहां से चोरों ने पायल, झाला और 6000 हजार नगद, घनश्याम मौर्या पुत्र शुद्धी मौर्य के यहां से पायल, झुमकी, माथबेदी,करधन,पवौजेब, मंगलसूत्र जिसकी कीमत करीब 2 लाख, कालिका प्रसाद पुत्र जग प्रसाद के यहां से चोरों ने 8000 हजार रुपए और घर में रखे आधार कार्ड समेत अन्य कागजात उठा ले गए। तीनों पीड़ितों ने मुकदमा पंजीकृत करने के लिए पुलिस को तहरीर दी है। घटना के बारे में जानकारी के लिए थानाध्यक्ष खण्डासा विवेक कुमार सिंह का सीयूजी नंबर बंद रहा वहीं क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर सुनील कुमार सिंह का सीयूजी नंबर नेटवर्क क्षेत्र से बाहर रहा जिससे बात नहीं हो सकी।

## पार्षद की शिकायत पर भी नगर निगम की कार्रवाई सुस्त



अयोध्या(एजेंसी )। अयोध्या नगर निगम के अशफाक उल्ला खघं वार्ड अंतर्गत सिविल लाइन क्षेत्र सैमल कालोनी में सीवर लाइन से गंदा बदबूदार पानी निरंतर पूरी कॉलोनी में भर रहा है जिसकी शिकायत एडवोकेट अखिलेश पाण्डेय (पार्षद) द्वारा माननीय महापौर, नगर निगम अधिकारियों, व जलनिगम अधिकारियों को फोन से सूचित कर स्थल निरीक्षण भी कराया जा चुका है कई बार पार्षद द्वारा अस्थाई निवारण भी कराया गया परंतु पिछले कई दिनों से यह समस्या एक अंतराल पर शुरू हो जाती है जिसका कोई भी स्थाई निस्तारण आज तक नहीं कराया गया है। कालोनी वासी ऐसे ही गंदे बदबूदार पानी के बीच रहने को मजबूर हैं। अखिलेश पाण्डेय पार्षद ने बताया कि बार बार शिकायत के बावजूद किसी विभाग के अधिकारी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं हैं। पार्षद ने कहा कि जनता परेशान है ऐसे दशा में किसी भी गंभीर बीमारी के फैलने की संभावना बनी है जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी नगर निगम की होगी।

# दुष्कर्म के दोषी मोहम्मद गनी को एससी/एसटी एक्ट में उम्रकैद

सोनभद्र(एजेंसी )। साढ़े तीन वर्ष पूर्व दलित नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीशध विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी मोहम्मद गनी को उम्रकैद एवं दो लाख 25 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से एक लाख 80 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक अनपरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने अनपरा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी नाबालिग बेटी 20 अगस्त 2020 से गायब हो गई है। बेटी का पता सभी संभावित जगहों पर लगाया, लेकिन कहीं पता नहीं चला। उसकी नाबालिग बेटी को मोहम्मद गनी पुत्र स्वर्गीय नान्हक निवासी कुलडोमरी टोला वियहवा, थाना अनपरा, जिला सोनभद्र अक्सर फोन करता था और उससे कहता था कि तुम घर वर अच्छा नहीं पाई हो। उसे पूर्ण विश्वास है कि उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अपहरण करके मोहम्मद गनी ही कहीं रखा है। इस तहरीर पर पुलिस ने 9 सितंबर 2020 को अपहरण की एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। दौरान विवेचना पुलिस ने मोहम्मद गनी के साथ उसकी बेटी को बरामद कर लिया। विवेचक ने बयान लेने के बाद पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में अपहरण, दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट और एससीध्एसटी एक्ट में में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी मोहम्मद गनी को उम्रकैद एवं दो लाख 25 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

# बारिश के पूर्व ड्रेनेज व्यवस्था का निरीक्षण करें अधिकारी : गौरव दयाल

## -निर्माण कार्य स्थलों से निकलने वाले मलबे को तत्काल उठाने की हो व्यवस्था



अयोध्या(एजेंसी )। मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में मानसूनी बारिश के पूर्व शहरी क्षेत्र में स्थित नालेध नालियों के साफ सफाई के अद्यतन स्थित एवं अन्य प्रमुख स्थलों की ड्रेनेज व्यवस्था के संबंध में एक आवश्यक बैठक आयुक्त कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की गई।मंडलायुक्त ने कहा कि जितने भी मार्गो का निर्माण कार्य पिछले एक साल के अंदर किया गया है उन सभी मार्गो की ड्रेनेज व्यवस्था का निरीक्षण बारिश के पूर्व एक बार सभी संबंधित अधिकारी कर ले जिससे कि बारिश के दौरान मलवा आदि से ड्रेनेज ब्लॉक न होने पाए साथ ही जितने भी मार्गो यथा पंच कोसी व चौदहकोसी सहित अन्य का निर्माण कार्य चल रहा उनमे निकलने वाले मलबे को तत्काल उठाने की निरंतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पी0डब्लू0डी के अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया कि किसी भी मार्ग के निर्माण के दौरान उसमे पूर्व से मौजूद नालेध्नालियों को बिना जिलाधिकारी की अनुमति के न तोड़ा जाए अगर बिना पूर्व अनुमति के इन नाले ध्नालियों को तोड़ा जाता है तो सम्बन्धित अधिशाषी अभियंता का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा से शहर के प्रमुख नालो की सफाई के अद्यतन स्थित की जानकारी प्राप्त की नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि शहर में कुल छोटे बड़े 72 नालो को बारिश के पूर्व सफाई के लिए चिन्हित किया गया है जिसमे से 54 नालो की सफाई पूर्ण हो चुकी है शेष की गतिमान है। उन्होंने उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण श्री अश्विनी कुमार पांडेय से कहा कि अयोध्या में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बनाये गए फैसिलिटी सेंटर यथा पार्किंग स्थलों विभिन्न कुंडों सहित अन्य प्रमुख स्थलों की ड्रेनेज व्यवस्था का सर्वे करवा लें यदि कोई समस्या हो तो उसका निराकरण बारिश से पूर्व करवाना सुनिश्चित किया जाय। बैठक में उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा,अपर जिलाधिकारी (विध्रा) महेंद्र कुमार सिंह, पी0डब्लू0डी के अधीक्षण अभियंता,अधिशासी अभियंतागण सहित अन्य संबधित उपस्थित रहे।

# रोजगार मेले में 69 युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया

## - अयोध्या के 105 युवाओं ने लिया भाग, चार कम्पनियों ने लिया हिस्सा

अयोध्या(एजेंसी )। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार अयोध्या में बुधवार को सेवायोजन विभाग की तरफ से राजकीय आईटी आई एवं कौशल विकास मिशन के तहत रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें 4 कम्पनियां शामिल हुईं। इस मेले के माध्यम से 69 युवाओं को रोजगार मिला। वहीं रोजगार मेलों में अयोध्या के 105 युवाओं को जून माह के पहले सत्र में नौकरी मिली। गुरुवार को रोजगार मेला सेवायोजन कार्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें 4 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। इसमें 105 युवाओं ने हिस्सा लिया, जिसमें 69 युवाओं का चयन किया गया। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस में 12, होली हर्ब में 23 ,बसा मैनेजमेंट मार्केटिंग लिमिटेड में 10 ,



टम्बल ड्राई –24 लोगों का चयन किया। योगी सरकार की इस मुहिम से रोजगार मेले में रोजगार–स्वरोजगार सृजन करने वाले विभागों के भाग लेने से एक ही स्थल पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिल मिल रहे हैं। सहायक निदेशक सेवायोजन पद्म वीर कृष्ण ने बताया कि अयोध्या में रोजगार मेले का आयोजन और रोजगार को लेकर शत– प्रतिशत लक्ष्य हासिल हुआ है। सेवायोजन की तरफ से अब इससे एक कदम आगे बढ़कर सभी विभागों के लिए रोजगार हेल्प डेस्क भी बनाए जा रहे हैं। वृहद रोजगार मेले के जरिये अयोध्या में बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए जिले के अलग–अलग स्थानों पर आयोजित किए जा रहे ये रोजगार मेले उपयोगी साबित हो रहे हैं वहीं दूसरी तरफ प्रशासन की तरफ से अलग–अलग विभागों में रोजगार हेल्प डेस्क भी बनाए जाएंगे। सहायक निदेशक सेवायोजन पद्म वीर कृष्ण ने बताया कि रोजगार हेल्प डेस्क बनाकर संबंधित विभाग की ओर से रोजगार, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण व अप्रेंटिस से इससे जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी दी जायेगी। इसके लिए भी प्रक्रिया शुरू हो रही है ।

# गोमती नदी में स्नान के दौरान दो किशोरों की डूबकर मौत

## -पुलिस ने शव को बरामद कर परिजनों को सौंपा



मिल्कीपुर–अयोध्या(एजेंसी )। कुमारगंज थाना क्षेत्र में दोस्त के साथ गोमती नदी में नहाने गए दो किशोरों की डूबकर मौत हो गई। साथी दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन बचा नहीं सकें। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से 24 घंटे के भीतर नदी से शव बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी देवगांव थाना कुमारगंज क्षेत्र के रानीपुर पूरे सहतेमऊ गांव निवासी 12 वर्षीय इकरार पुत्र आशु और 13 वर्षीय सैफ पुत्र वसीम अली मंगलवार की दोपहर गांव से करीब 2 किलोमीटर दूर बह रही गोमती नदी में नहाने चले गए थे। स्नान करते समय दोनों गहरे पानी में चले गए जिससे डूब गए ।शाम 3:00 तक जब दोनों किशोर गांव नहीं पहुंचे तो परिजन खोजबीन करते हुए गोमती नदी बाबा घाट पर पहुंचे तो देख की कपड़ा दोनों लोगों का रखा हुआ है आवाज लगाई कहीं पर कोई आवाज नहीं आई , घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने के चौकी प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी कांस्टेबल मनोज यादव ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी लेने के बाद स्थानीय गोताखोरों को खोज के लिए नदी में उतारा लेकिन देर रात तक रेस्क्यू चलता रहा कोई शव बरामद नहीं हुआ। गोताखोरों को आज घटनास्थल से करीब 50 मीटर दूर दोनों किशोर का शव बरामद हुआ।चौकी प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी, अरविंद पटेल कांस्टेबल मनोज यादव, विजय गुप्ता, दीपक कुमार ने शवों को कब्जे में लेकर विधि कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्रामीणों की माने तो दोनों किशोरों के साथ अन्य किशोर भी गांव के नदी में नहाने गए थे। लेकिन अब कोई किशोर घटना के बारे में किसी को कुछ नहीं बता रहे हैं। घटना के बाद डरे समय किशोर गांव से भाग गए थे। कुछ लोगों ने कई किशोर को नदी की ओर जाते देखा था।

# विश्व योग दिवस पर विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए लें आनलाइन शपथ :प्रो. प्रतिभा गोयल

## -कुलपति ने अश्नलाइन योग शपथ के लिए विश्वविद्यालय में की बैठक

अयोध्या(एजेंसी )। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में योग ऑनलाइन शपथ ग्रहण का विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में अधिकारियों, संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षो, समन्वयकों, प्रभारियों के साथ बैठक हुई। कुलपति ने बताया कि उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के दिशा–निर्देश में योग शपथ ग्रहण का विश्व कीर्तिमान बनाया जायेगा। इसके लिए ऑनलाइन अभियान 18 जून तक चलाया जा रहा है। इस अभियान में 5 लाख 50 हजार से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक, पुरातन छात्र, अधिकारी, कर्मचारी व अभिभावक बढ़चढ कर योग की शपथ लेंगे। बैठक में कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने में सभी को आगे आना होगा। जिससे उत्तर प्रदेश का नाम विश्व कीर्तिमान में सबसे ऊपर हो। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स के अलावा विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए ग्रामवासियों को भी योग की आनलाइन शपथ दिलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि टूरस्टि गाइड के माध्यम से अयोध्या आने वाले टूरिस्ट को भी योग की शपथ दिलाने का कार्य करेंगे। अंत में कुलपति ने समस्त से कहा कि योग का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। क्योकि यह हमें स्वस्थ्य रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए इस अभियान में अधिक से अधिक शामिल होकर योग शपथ ग्रहण को सफल बनाये।बैठक में योग नोडल अधिकारी प्रो. एसएस मिश्र ने बताया कि इस योग शपथ ग्रहण को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा शपथ प्रारम्भ हो चुकी है। जो राजभवन व विश्वविद्यालय के पोर्टल पर योगा प्लेज डॉट इन पर उपलब्ध है। इसमें योग की ऑनलाइन शपथ के लिए लिंक पर जाकर इस अभियान में शामिल हो सकते है। उन्होंने बताया कि इसके योगा प्लेज पर जाकर विश्वविद्यालय के सही नाम चयन के उपरांत मोबाइल नम्बर दर्ज करना होगा। ओटीपी अपलोड के बाद प्रमाण–पत्र जनरेट हो जायेगा। सभी की सहभागिता हो सके इसके लिए लिंक पर जाकर शपथ लेनी होगी। बैठक में वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, प्रो0 अशोक राय, प्रो0 आलोक सिंह, प्रो0 राजीव गौड़, प्रो0 गंगाराम मिश्र, प्रो0 चयन कुमार मिश्र, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, प्रो0 तुहिना वर्मा, प्रो0 आशीष पटेल,डॉ0 पीके द्विवेदी, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी सहित अन्य विभागों के प्रभारी मौजूद रहे।

# आतंकवाद का फूंका पुतला, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



दुद्धी,सोनभद्र।(एजेंसी ) दुद्धी में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद एव बजरंग दल के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सुरेश राय को सौंपा।इससे पूर्व संकट मोचन मंदिर पर सभी हिंदू संगठनों के लोग एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए पैदल तहसील तिराहे पर पहुँच कर आतंकवाद का प्रतिकात्मक पुतला दहन किया। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि जम्मू कश्मीर में वैष्णों देवी कटरा से शिव खोडी जाते समय 9 जून को हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों का कायराना हमला किया जिसमें 10. निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्री मरने से संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना है। इस क्रूरतम दुष्कृत्य से पूरा देश आहत है और तीव आक्रोश जम्मू काश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है। धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है। लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है। हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। देश के नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है। बजरंग दल इस कायराना कृत्य की तीव्र निंदा करते हुए आपसे निवेदन करता है। इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने का केंद्र सरकार को निर्देश दें तथा इस प्रकार के तत्वों को संरक्षण देने वाले आ आंतरिक व विदेशी तत्वों का भी कठोरता से समुचित इलाज हो ऐसा केन्द्र सरकार से सुनिश्चित कराने का आग्रह करें। जम्मू कश्मीर में धार्मिक यात्रा पर निकले हिन्दू श्रद्धालुओं पर माता वैष्णों देवी कटरा से शिव खोडी दर्शन को जाते समय 9 जून को इस्लामिक जेहादी पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों ने घात लगाकर शिव खोडी के निकट बस के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी कर बस चालक सहित 10 तीर्थ यात्रियों की हत्या करदी।

# यूपी कैटेट परीक्षा रु दूसरे दिन 717 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

कुमारगंज–अयोध्या(एजेंसी )। उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिक प्रवेश परीक्षा–2024 (यूपी कैटेट) कड़ी निगरानी के बीच बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। आखिरी दिन अयोध्या केंद्रों पर परास्नातक, पीएचडी एवं एमबीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कुल 717 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। दूसरे दिन भी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने अयोध्या में बने केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा सफलतापूर्ण ढंग से परीक्षा कराए जाने पर कुलपति ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है।

# कृषि हमारी अर्थव्यवस्था व खाद्य सुरक्षा की रीढ़ :नूतनांक शेखर



मिल्कीपुर–अयोध्या(एजेंसी )। जलवायु परिवर्तन और बढ़ते वैश्विक तापमान ने आज सम्पूर्ण विश्व के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं। कृषि, जो हमारी अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा की रीढ़ है, इस संकट से सीधे तौर पर प्रभावित हो रही है। ऐसे में कृषि वानिकी (एग्रो फोरेस्ट्री) एक प्रभावी समस्या समाधान के रूप में उभर कर सामने आ रही है। यह प्रणाली न केवल पर्यावरण की रक्षा करती है, बल्कि किसानों की आय और कृषि उत्पादन को भी बढ़ावा देती है। यह बातें आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वन संवर्धन एवं कृषि वानिकी विभाग के परास्नातक छात्र नूतनांक शेखर मिश्र ने कही। उन्होंने कहा कि कृषि वानिकी एक समग्र कृषि पद्धति है, जिसमें खेती के साथ–साथ वृक्षारोपण भी शामिल होता है। इसमें विभिन्न प्रकार की फसलों, पेड़ों, और पशुधन को एकीकृत करके प्रबंधन किया जाता है, जिससे भूमि का सतत उपयोग सुनिश्चित होता है। यह प्रणाली पारंपरिक कृषि की तुलना में अधिक लाभकारी और टिकाऊ होती है। जलवायु परिवर्तन की रोकथाम: वृक्ष वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और वातावरण में कार्बन की मात्रा को कम करते हैं। इससे ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा घटती है, जो वैश्विक तापमान को नियंत्रित करने में सहायक है।

मिट्टी की उर्वरता और संरक्षण: वृक्षों की जड़ें मिट्टी को स्थिरता प्रदान करती हैं, जिससे मिट्टी का कटाव कम होता है। इसके अलावा, पेड़ों के पत्ते और जैविक अवशेष मिट्टी की उर्वरता बढ़ाते हैं, जिससे फसल उत्पादन में सुधार होता है। जल संरक्षण: पेड़ जल धारण क्षमता को बढ़ाते हैं, जिससे भूजल स्तर में सुधार होता है। इससे सूखे की स्थिति में भी जल की उपलब्धता सुनिश्चित होती है। जैव विविधता का संरक्षण: कृषि वानिकी से विभिन्न प्रकार की फसलें और वृक्ष एक साथ उगाए जाते हैं, जिससे जैव विविधता बनी रहती है और पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में मदद मिलती है।

आर्थिक लाभ: कृषिवानिकी से किसानों को विविध प्रकार के उत्पाद मिलते हैं, जैसे कि फल, लकड़ी, औषधीय पौधे आदि, जो उनकी आय में वृद्धि करते हैं। साथ ही, लंबे समय में भूमि की उर्वरता बनी रहने से कृषि उत्पादन में भी बढ़ोतरी होती है। कृषि वानिकी को व्यापक रूप से अपनाकर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम किया जा सकता है। इसके लिए सरकारी योजनाओं और नीतियों के माध्यम से कृषि वानिकी को बढ़ावा देना आवश्यक है। किसानों को प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता प्रदान कर उन्हें इस पद्धति को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। कृषि वानिकी एक प्रभावी और टिकाऊ रणनीति है, जो बढ़ते वैश्विक तापमान और जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने में सक्षम है। इसके द्वारा न केवल पर्यावरण की रक्षा की जा सकती है, बल्कि खाद्य सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता भी सुनिश्चित की जा सकती है। सामूहिक प्रयास और सरकारी समर्थन से हम इस पद्धति को सफलतापूर्वक लागू कर सकते हैं, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियाँ एक सुरक्षित और समृद्ध पर्यावरण में जी सकें।

## प्रवर्तन दल ने प्रतिबंधित थर्माकोल प्लेट से भरी पिकअप को पकड़ा

अयोध्या(एजेंसी )। नगर निगम प्रवर्तन दल ने प्रतिबंधित थर्मोकोल की प्लेट लदी टाटा मैजिक पिकअप को थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के कुचेरा बाजार से पकड़ा है। नगर निगम के अधिकारियों को जानकारियां मिल रही थी। कि गोंडा जनपद से लाकर मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में थर्माकोल की प्लेट बेची जा रही है। जानकारियां मिलने के बाद से ही प्रवर्तन दल सक्रिय हो गया था और क्षेत्र में निगरानी तेज कर दी थी। बुधवार को सुबह गुप्त सूचना मिलने के बाद प्रवर्तन दल के नायक संदीप सिंह सिविल ड्रेस में पहले से ही कुचेरा बजार पहुंच गए थे। जैसे ही थर्माकोल लदी पिकअप यूपी 42 ए टी 1971 पहुंची उसको रुकवा लिया और वहां कुचेरा बाजार में होने की जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को दी।जानकारी मिलते ही प्रवर्तन दल के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और पिकअप को अपने कब्जे में ले लिया।

# हिंदुस्तान सहित कई देश के रक्तवीरों का दुद्धी में अंतराष्ट्रीय रक्तक्रांति अवार्ड से किया गया सम्मानित

दुद्धी,सोनभद्र(एजेंसी )। दुद्धी की धरती पर प्रगति फाउंडेशन द्वारा पहली बार अंतराष्ट्रीय रक्तक्रांति अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदुस्तान सहित कई देशों के रक्तवीरों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत रक्तदान जागरूकता रैली से की गई। दुद्धी श्री रामलीला मैदान से रक्तदान जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें नेपाल भूटान तथा भारत के कई राज्यों के रक्तवीर अपने अपने हाथों में तखतिया लिए हुए थे।जागरूकता रैली के बाद करबा स्थित मल्टीपर्पज हॉल में सम्मान समारोह का कार्यक्रम की शुरुआत नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन ने किया। कार्यक्रम में नेपाल और भूटान देश के रक्तवीर अपने अपने देश के पोशाक में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा को बढ़ा रहें थे। भूटान देश से श्रीराम शर्मा, नेपाल से जनक खड़का,रतन बहादुर विश्वकर्मा,बिहार से ललित शास्त्री, अमेठी से मोहित गुर्जर,उतराखण्ड जगजीत सिंह लोढ़ी,गुजरात से वैशाली पाण्डेयरंजीत मिश्रा पश्चिम बंगाल, महिप्रीत सिंह लुधियाना, दलजीत सिंह पंजाब, महेंद्र जोशी अहमदाबाद गुजरात से जिन्होंने 195 बार रक्तदान कर कीर्तिमान स्थापित किया हैं।

# ‘इंडिया’ की आंखों से भारत को मत देखिए!

## भारतीयता को नए संदर्भों में व्याख्यायित करना जरूरी



–प्रो. संजय द्विवेदी

आजकल राष्ट्रीयता,भारतीयता, राष्ट्रत्व और राष्ट्रवाद जैसे शब्द चर्चा और बहस के केंद्र में है। ऐसे में यह जरूरी है कि हम भारतीयता पर एक नई दृष्टि से सोचें और जानें कि आखिर यह क्या है? ‘राष्ट्र’ सामान्य तौर पर सिर्फ भौगोलिक नहीं बल्कि ‘भूगोल–संस्कृति–लोग’ के तीन तत्वों से बनने वाली इकाई है। इन तीन तत्वों से बने राष्ट्र में आखिर सबसे महत्वपूर्ण तत्व कौन सा है? जाहिर तौर पर वह ‘लोग’ ही होगें। इसलिए लोगों की बेहतरी,भलाई, मानवता का स्पंदन ही किसी राष्ट्रीयता का सबसे प्रमुख तत्व होना चाहिए। जब हम लोगों की बात करते हैं तो भौगोलिक इकाईयां टूटती हैं। अध्यात्म के नजरिए से पूरी दुनिया के मनुष्य एक हैं। सभी संत, आध्यात्मिक नेता और मनोवैज्ञानिक भी यह मानने हैं कि पूरी दुनिया पर मनुष्यता एक खास भावबोध से बंधी हुयी है। यही वैश्विक अचेतन (कलेक्टिव अनकांशेसनेस) हम–सबके एक होने का कारण है। स्वामी विवेकानंद इसी बात को कहते थे कि इस अर्थ में भारत एक जड़ भौगोलिक इकाई नहीं है। बल्कि वह एक चेतन भौगोलिक इकाई है, जो सीमाओं और सैन्य बलों पर ही केंद्रित नहीं है। भारतीय राष्ट्रवाद मनुष्य के विस्तार व विकास पर केंद्रित है। जिसे भारत ने ‘वसुधैव कुटुम्बकम्’ कहकर संबोधित किया। यह ‘वसुधैव कुटुम्बकम्’ राजनीतिक सत्ता का उच्चार नहीं है। उपनिषद् का उच्चार है। सारी दुनिया के लोग एक परिवार, एक कुटुम्ब के हैं, इसे समझना ही दरअसल भारतबोध को समझना है। यह भाव ही मनुष्य की सांस्कृतिक एकता के विस्तार का प्रतीक है। हमारे सांस्कृतिक मूल्य, मानवतावादी सांस्कृतिक मूल्यों पर केंद्रित हैं। हमारी भारतीय अवधारणा में राज्य निर्मित भौगोलिक–प्रशासनिक इकाईयां प्रमुख स्थान नहीं रखतीं बल्कि हमारी चेतना, संस्कृति, मूल्य आधारित जीवन और परंपराएं ही यहां हमें राष्ट्र बनाती हैं। हमारे सांस्कृतिक इतिहास की ओर देखें तो आर्यावर्त की सीमाएं कहां से कहां तक विस्तृत हैं, जबकि सच यह है कि इस पूरे भूगोल पर राज्य बहुत से थे, राजा अनेक थे– किंतु हमारा सांस्कृतिक अवचेतन हमें एक राष्ट्र का अनुभव करता था। एक ऐतिहासिक सत्य यह भी यह है कि हमारा राष्ट्रीयता दरअसल राज्य संचालित नहीं था, वह समाज और बौद्धिक चेतना से संपन्न संतों, ऋषियों द्वारा संचालित थी। एक विद्वान कहते हैं राजा राज्य बनाते हैं, राष्ट्र ऋषि बनाते हैं। वही भारतबोध इस व्यापक भूगोल की चेतना में समाया हुआ था। यहां का ज्ञान विस्तार जिस तरह चारों दिशाओं में हुआ,वह बात हैरत में डालती है।

आप देखें तो भगवान बुद्ध पूरी दुनिया में अपने संदेश को यूं ही नहीं फैला पाए, बल्कि उस ज्ञान में एक ऐसा नवाचार,नवचेतन था, जिसे दुनिया ने स्वतः आगे बढ़कर ग्रहण किया। भारत कई मायनों में अध्यात्म और चेतना की भूमि है। सच कहें तो दुनिया की तमाम स्थितियों से भारत एक अलग स्थिति इसलिए पाता है, क्योंकि यह भूमि संतों के लिए, ज्ञानियों के लिए उर्वर भूमि है। दुनिया के तमाम विचारों की सांस्कृतिक चेतना जड़वादी है, जबकि भारत की चेतना जैविक है। इसलिए भारत मरता नहीं है, क्योंकि वह जड़वादी और हठवादी नहीं है। यहां का मनुष्य सांस्कृतिक एकता के लिए तो खड़ा होता है पर विचारों में जड़ता आते ही उससे अलग हो जाता है। हमारा ईश्वर आंतरिक उन्नयन और पाप क्षय के लिए काम करता है। हमारे संत भी आध्यात्मिक उन्नयन और पापों के क्षय के लिए काम करते हैं। मनुष्य की चेतना का आत्मिक विस्तार ही हमारी राष्ट्रीयता का लक्ष्य है। इसलिए यह सिर्फ एक खास भूगोल, एक खास विचारधारा और पूजा पध्दति में बंधे लोगों के उद्धार के लिए नहीं, बल्कि समूची मानवता की मुक्ति के काम करने वाला विचार है। यहां मानव की मुक्ति ही उसका लक्ष्य है। यह राष्ट्रीयता सैन्यबल और व्यापार बल से चालित नहीं है, बल्कि यह चेतना के विस्तार, उसके व्यापक भावबोध और मनुष्य मात्र की मुक्ति के विचार से अनुप्राणित है। भारतीय संदर्भ में भारतबोध को समझना वास्तव में मानवतावाद के व्यापक परिप्रेक्ष्य को समझना है। यह विचार कहता है– " संतों को सीकरी से क्या काम" और फिर कहता है ''कोई नृप होय हमें क्या हानि"। इस मायने में हम राज या राज्य पर निर्भर रहने वाले समाज नहीं थे। राजा या राज्य एक व्यवस्था थी, किंतु जीवन मुक्त था–मूल्यों पर आधारित था। पूरी सांस्कृतिक परंपरा में समाज ज्यादा ताकतवर था और स्वाभिमान के साथ उदार मानवतावाद और एकात्म मानवदर्शन पर आधारित जीवन जीता था। वह चीजों को खंड–खंड करके देखने का अभ्यासी नहीं था। इसलिए इस राष्ट्रीयता में जो समाज बना, वह राजा केंद्रित नहीं, संस्कृति केंद्रित समाज था। जिसे अपने होने–जीने की शर्तें पता थीं, उसे उसके कर्तव्य ज्ञात थे। उसे राज्य की सीमाएं भी पता थीं और अपनी मुक्ति के मार्ग भी पता थे। इस समाज में गुणता की स्पर्धा थी– इसलिए वह एक सुखी और संपन्न समाज था। इस समाज में भी बाजार था, किंतु समाज–बाजार के मूल्यों पर आधारित नहीं था। आनंद की सरिता पूरे समाज में बहती थी और आध्यात्मिकता के मूल्य जीवन में रसपगे थे। भारतीय समाज जीवन अपनी सहिष्णुता के नाते समरसता के मूल्यों का पोषक है। इसीलिए तमाम धाराएं,विचार,वाद और पंथ इस देश की हवा–मिट्टी में आए और अपना पुर्नअविष्कार किया, नया रूप लिया और एकमेक हो गए। भारतीयता हमारे राष्ट्र का अनिवार्य तत्व है। भारतीयता के माने ही है स्वीकार। दूसरों को स्वीकार करना और उन्हें अपनों सा प्यार देना। यह राष्ट्रवाद विविधता को साधने वाला, बहुलता को आदर देने वाला और समाज को सुख देने वाला है। इसी नाते भारत का विचार आक्रामकता का, आक्रमण का, हिंसा या अधिनायकवाद का विचार नहीं है। यह श्रेष्ठता को आदर देने वाली,विद्वानों और त्यागी जनों को पूजने वाली संस्कृति है। अपने लोक तत्वों को आदर देना ही यहां भारतबोध है। इसलिए यहां भूगोल का विस्तार नहीं, मनों और दिलों को जीतने की संस्कृति जगह पाती है। यहां शांति है, सुख है, आनंद है और वैभव है। यह देकर, छोड़कर और त्याग कर मुक्त होती है। समेटना यहां ज्ञान को है। संपत्ति, जमीन और वैभव को नहीं। इसलिए फकीरी यहां आदर पाती है और सत्ताएं लांछन पाती हैं। इसलिए यहां लोकसत्ता का भी मानवतावादी होना जरूरी है। यहां सत्ता विचारों से, कार्यों से और आचरण से लोकमानस का विचार करती है तो ही सम्मानित होती है। वैसे भी भारतीय समाज एक सत्ता निरपेक्ष समाज है। वह सत्ताओं की परवाह न करने वाला स्वाभिमानी समाज है। इसलिए उसने जीवन की एक अलग शैली विकसित की है, जो उसके भारतबोध ने उसे दी है। यही स्वाभिमान एक नागरिक का भी है और राष्ट्र का भी।

इसलिए वह अपने अध्यात्म के पास जाता है, अपने लोक के पास जाता है और सत्ता या राज्य के चमकीले स्वप्न उसे रास नहीं आते। इसी राष्ट्र तत्व को खोजते हुए राजपुत्र सत्ता को छोड़कर वनों, जंगलों में जाते रहे हैं, ज्ञान की खोज में,सत्य की खोज में, लोक के साथ सातत्य और संवाद के लिए। राम हों, कृष्ण हों, शिव हों, बुद्ध हों, महावीर हों– सब राजपुत्र हैं, संप्रभ हैं और सब राज के साथ समाज को भी साधते हैं और अपनी सार्थकता साबित करते हैं। इसलिए हमारी राष्ट्रीयता की अलग कथा है, उसे पश्चिमी पैमानों से नापना गलत होगा। आज इस वक्त जब भारतीयता की अनाप–शनाप व्याख्या हो रही है, हमें ठहरकर सोचना होगा कि क्या सच में हममें अपने राष्ट्र की थोड़ी भी समझ बची है? श्भारतश को श्इंडियाश की आंखों से देखने से हमें वही दिखाई देगा ,जो सत्य से बहुत दूर होगा। आइए हम भारत की आंखों से ही भारत को देखने का अभ्यास करें।

(लेखक भारतीय जनसंचार संस्थान,(प्र्डब) नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक हैं)

मोबाइल–9893598888

## सम्पादकीय

### मोदी या गठबंधन एजेंडे से चलेगी सरकार

सरकार गठन के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आत्मविश्वास लौट आया है। नतीजों से जो सेटबैक लगा था वे उससे उबर गए दिखते हैं। उन्होंने अपने हिसाब से सहयोगी पार्टियों को हैंडल किया है। अपने हिसाब से उनको मंत्री पद दिए हैं और कामचलाऊ विभाग देकर उनको निपटाया है। इसके बावजूद ऐसा लग रहा है कि तीसरी सरकार भाजपा के या स्वंय मोदी के एजेंडे से नहीं चलेगी, बल्कि गठबंधन के एजेंडे से चलेगी। भले गठबंधन की सरकार में 82 फीसदी सांसद भाजपा के हैं और वह उस तरह से सहयोगी पार्टियों पर निर्भर नहीं है, जैसी मनमोहन सिंह की सरकार थी या उससे पहले अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी।

इसके बावजूद मोदी को कामकाज में बहुत संतुलन बनाने की जरुरत होगी क्योंकि दूसरी ओर विपक्ष भी पहले के मुकाबले बहुत ज्यादा मजबूत और एकजुट है। तभी ऐसा लग रहा है सरकार तमाम विवादित एजेंडे को स्थगित कर सकती है। हालांकि मुश्किल यह है कि भाजपा को भी राज्यों में चुनाव लड़ना है और पांच साल बाद अपना एजेंडा लेकर जनता के बीच जाना होगा। तभी यह देखना दिलचस्प होगा कि विवादित मुद्दों या जिन मुद्दों पर आम सहमति नहीं है उनको लेकर सरकार का क्या रुख होता है। सरकार उसे ठंडे बस्ते में डालती है या सहयोगियों पर दबाव बना कर अपने एजेंडे को आगे बढ़ाती है?

सरकार के लिए सबसे पेचीदा मामला परिसीमन और महिला आरक्षण का हो गया है। नरेंद्र मोदी की सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल के आखिरी साल में नारी शक्ति वंदन कानून पास कराया। संसद की नई इमारत में यह पहला कानून था, जिसका बिल पेश किया गया था। मोदी सरकार ने इस बिल को उस रूप में पेश नहीं किया, जिस रूप में इसे पहले एक सदन की मंजूरी मिल चुकी थी। सरकार नया मसौदा ले आई, जिसमें यह शर्त जुड़ी हुई है कि परिसीमन के बाद 2029 में महिला आरक्षण को लागू किया जाएगा। महिला आरक्षण से किसी को समस्या नहीं है। सरकार और उसकी सहयोगी पार्टियों के अलावा विपक्षी पार्टियां भी महिला आरक्षण के समर्थन में हैं। लेकिन परिसीमन का विरोध तय है। विपक्ष के साथ साथ सरकार की कई सहयोगी पार्टियां भी परिसीमन का विरोध कर सकती हैं।

अभी तक यह कहा जा रहा है कि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होगा, जिसमें दक्षिण भारत से लोकसभा सीटों की संख्या कम हो सकती है और उत्तर भारत के राज्यों में सीटें बढ़ सकती हैं। तभी दक्षिण भारत की पार्टियां जनसंख्या के आधार पर परिसीमन का विरोध करती हैं। ध्यान रहे आंध्र प्रदेश की टीडीपी और कर्नाटक की जेडीएस दोनों सरकार का समर्थन कर रहे हैं लेकिन परिसीमन पर इनका समर्थन हासिल करना आसान नहीं होगा। सो, यह सरकार को उलझाने वाली स्थिति है और उसने तय किया हुआ है कि 2029 के चुनाव तक परिसीमन हो जाएगा और महिला आरक्षण लागू किया जाएगा।

# अधिक ऋण के बोझ तले वैश्विक अर्थव्यवस्था कहीं चरमरा तो नहीं जाएगी




प्रह्लाद सबनानी ।

आज विश्व की कुल जनसंख्या 810 करोड़ है और विश्व पर कुल ऋण की राशि 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है इस प्रकार औसत रूप से विश्व के प्रत्येक नागरिक पर 39,000 अमेरिकी डॉलर का ऋण बकाया है।विश्व के समस्त नागरिकों एवं विभिन्न संस्थानों पर लगभग 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण है। कुल ऋण की उक्त राशि में विभिन्न देशों की सरकारों के ऋण एवं नागरिकों के व्यक्तिगत ऋण भी शामिल है। कई देशों को मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण पाने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, विकास करने का दबाव विभिन्न देशों की सरकारों पर है अतः सरकारों के साथ साथ व्यक्ति भी बहुत अधिक मात्रा में ऋण ले रहे हैं। परंतु, कितना ऋण प्रत्येक व्यक्ति अथवा सरकार पर होना चाहिए, इस विषय पर भी अब गम्भीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है।आज विश्व की कुल जनसंख्या 810 करोड़ है और विश्व पर कुल ऋण की राशि 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है इस प्रकार औसत रूप से विश्व के प्रत्येक नागरिक पर 39,000 अमेरिकी डॉलर का ऋण बकघया है। 320 लाख करोड़ रुपए के ऋण की राशि में विभिन्न देशों की सरकारों द्वारा लिया गया ऋण, व्यापार एवं उद्योग द्वारा लिया गया ऋण एवं व्यक्तियों द्वारा लिया गया ऋण शामिल है। पूरे विश्व में परिवारोंध्व्यक्तियों द्वारा 59 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है। व्यापार एवं उद्योग द्वारा 164 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है। साथ ही, सरकारों द्वारा 97 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है, ऋण की इस राशि में एक तिहाई हिस्सा विकासशील देशों की सरकारों द्वारा लिया गया ऋण भी शामिल है। सरकारों द्वारा लिए गए ऋण की राशि पर प्रतिवर्ष 84,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ब्याज का भुगतान किया जाता है। विश्व में प्रत्येक 3 देशों में से 1 देश द्वारा कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च की गई राशि से अधिक राशि ऋण पर ब्याज के रूप में खर्च की जाती है। आकार में छोटी अर्थव्यवस्थाओं के लिए अधिक ऋण लेना सदैव ही बहुत जोखिमभरा निर्णय रहता आया है। पूरे विश्व में सकल घरेलू उत्पाद का आकार 109 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है जबकि ऋणराशि का आकार 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। इस प्रकार, एक तरह से आय की तुलना में खर्च की जा रही राशि बहुत अधिक है। इसे संतुलित किया जाना अब अति आवश्यक हो गया है अन्यथा कुछ ही समय में पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था चरमरा सकती है।

पूरे विश्व में लिए गए भारी भरकम राशि के ऋण के चलते अमीर वर्ग अधिक अमीर होता चला जा रहा है एवं गरीब वर्ग और अधिक गरीब होता चला जा रहा है, क्योंकि अमीर वर्ग ऋण का उपयोग अपने लाभ का लिए कर पा रहा है एवं इस ऋण राशि से अपनी सम्पत्ति में वृद्धि करने में सफल हो रहा है। जबकि, गरीब वर्ग इस ऋण की राशि का उपयोग अपनी देनंदिनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु करता है और ऋण के जाल में फंसता चला जाता है। इसके साथ ही, हालांकि विश्व में दो विश्व युद्ध हो चुके हैं, वर्तमान में भी रूस यूक्रेन युद्ध एवं इजराईल हमास युद्ध चल ही रहा है। परंतु, फिर भी इस सबका असर अमीर वर्ग पर नहीं के बराबर हो रहा है। हां, गरीब वर्ग जरूर और अधिक गरीब होता जा रहा हैं क्योंकि विश्व के कई देशों में, ब्याज दरों में लगातार की जा रही बढ़ौतरी के बाद भी, मुद्रा स्फीति नियंत्रण में नहीं आ पा रही है। मुद्रा स्फीति का सबसे अधिक बुरा प्रभाव गरीब वर्ग पर ही पड़ता है। अमीर वर्ग (जिनकी सम्पत्ति 2 करोड़ 28 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक है), इनकी संख्या वर्ष 2023 में 5.1 प्रतिशत से बढ़ गई है और इनकी कुल सम्पत्ति 86.8 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गई है और यह भी 5 प्रतिशत की दर से बढ़ गई है। वर्ष 2020 के बाद से विश्व के 5 सबसे अधिक अमीर व्यक्तियों की संपत्ति दुगुनी हो गई है। साथ ही, वर्ष 2020 के बाद से विश्व के बिलिनायर की सम्पत्ति 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़ गई है। इन कारणों के चलते अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। जिस रफ्तार से विश्व में गरीबी कम हो रही है, इससे ध्यान में आता है कि इस धरा से गरीबी को हटाने में अभी 229 वर्ष का समय लगेगा। जैसे जैसे विश्व में विकास की दर तेज हो रही है अमीर व्यक्ति अधिक अमीर होते जा रहे हैं एवं गरीब व्यक्ति अधिक गरीब होते जा रहे हैं। आज से पहिले विश्व में कभी भी इतने अधिक अमीर नागरिक नहीं रहे हैं।वैश्विक स्तर पर उक्त वर्णित ऋण सम्बंधी भयावह आंकड़ों के बीच अन्य विकसित देशों की तुलना में भारत की स्थिति नियंत्रण में नजर आती है। वैसे भी, ऋण का उपयोग यदि उत्पादक कार्यों के लिए किया जाता है एवं इससे यदि धन अर्जित किया जाता है तो बैकों से ऋण लेना कोई बुरी बात नहीं है। बल्कि, इससे तो व्यापार को विस्तार देने में आसानी होती है और पूंजी की कमी महसूस नहीं होती है। साथ ही, भारतीय नागरिक तो वैसे भी सनातन संस्कृति के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए अपने ऋण की किश्तों का भुगतान समय पर करते नजर आते हैं इससे भारतीय बैकों की अनुत्पादक आस्तियों में कमी दृष्टिगोचर हो रही है।भारत के बैकों की ऋण राशि में हो रही अतुलनीय वृद्धि के बावजूद, भारत में ऋणरूसकल घरेलू उत्पाद अनुपात अन्य विकसित देशों की तुलना में अभी भी बहुत कम है। हालांकि यह वर्ष 2020 में 88.53 प्रतिशत तक पहुंच गया था, क्योंकि पूरे विश्व में ही कोरोना महामारी के चलते आर्थिक व्यवस्था चरमरा गई थी। परंतु, इसके बाद के वर्षों में भारत के ऋणरू सकल घरेलू उत्पाद अनुपात में लगातार सुधार दृष्टिगोचर है और यह वर्ष 2021 में 83.75 प्रतिशत एवं वर्ष 2022 में 81.02 प्रतिशत के स्तर पर नीचे आ गया है। साथ ही, भारत के ऋणरू सकल घरेलू उत्पाद अनुपात के वर्ष 2028 में 80.5 प्रतिशत के निचले स्तर पर आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। यदि अन्य देशों के ऋणरू सकल घरेलू उत्पाद अनुपात की तुलना भारत के ऋण सकल घरेलू उत्पाद अनुपात के साथ की जाय तो इसमें भारत की स्थिति बहुत सुदृढ़ दिखाई दे रही है। पूरे विश्व में सबसे अधिक ऋणरू सकल घरेलू उत्पाद अनुपात जापान में है और यह 255 प्रतिशत के स्तर को पार कर गया है। इसी प्रकार यह अनुपात सिंगापुर में 168 प्रतिशत है, इटली में 144 प्रतिशत, अमेरिका में 123 प्रतिशत, फ्रांस में 110 प्रतिशत, कनाडा में 106 प्रतिशत, ब्रिटेन में 104 प्रतिशत एवं चीन में भी भारी भरकम 250 प्रतिशत के स्तर के आसपास बताया जा रहा है। अर्थात, विश्व के लगभग समस्त विकसित देशों में ऋणरू सकल घरेलू उत्पाद अनुपात 100 प्रतिशत के ऊपर ही है। भारत में इस अनुपात का 81 प्रतिशत के आसपास रहना संतोष का विषय माना जा सकता है।हाल ही के समय में भारत में विनिर्माण इकाइयों की उत्पादन क्षमता का उपयोग बहुत तेजी से बढ़ा है, वित्तीय वर्ष 2022–23 के चौथी तिमाही में विनिर्माण इकाइयों द्वारा अपनी उत्पादन क्षमता का 76.3 प्रतिशत उपयोग किया जा रहा था, जिसके कारण उद्योग जगत को ऋण की अधिक आवश्यकता महसूस हो रही है। बढ़े हुए ऋण की आवश्यकता की पूर्ति भारतीय बैंकें आसानी से करने में सफल रही हैं। यह तथ्य इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि विकसित देशों में भी प्रायः यह देखा गया है कि बैंकों द्वारा प्रदत्त ऋण में वृद्धि के साथ उस देश के सकल घरेलू उत्पाद में भी तेज गति से वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है। भारत में भी अब यह तथ्य परिलक्षित होता दिखाई दे रहा है। भारत में आर्थिक गतिविधियों में आ रही तेजी के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में भी ऋण की मांग लगातार बढ़ रही है। फिर भी, भारत में कोरपोरेट को प्रदत ऋण का सकल घरेलू उत्पाद से प्रतिशत वर्ष 2015 के 65 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2023 में 50 प्रतिशत हो गया है। इसका आशय यह है कि इस दौरान कोरपोरेट ने अपने ऋण का भुगतान किया है एवं उन्होंने सम्भवतरू अपनी लाभप्रदता में वृद्धि दर्ज करते हुए अपने लाभ का पूंजी के रूप में पुनर्निवेश किया है। दूसरे, भारत में विभिन्न बैंकों द्वारा प्रदत्त लम्बी अवधि के ऋण सामान्यतः आस्तियां उत्पन्न करने में सफल रहे हैं, जैसे गृह निर्माण हेतु ऋण अथवा वाहन हेतु ऋण, आदि। इस प्रकार के ऋणों के भविष्य में डूबने की सम्भावना बहुत कम रहती है। बैकों द्वारा खुदरा क्षेत्र में प्रदत्त ऋणों में से 10 प्रतिशत से भी कम ऋण ही प्रतिभूति रहित दिए गए हैं जैसे सरकारी कर्मचारियों को पर्सनल (व्यक्तिगत) ऋण, आदि। पर्सनल ऋण प्रतिभूति रहित जरूर दिए गए हैं परंतु चूंकि यह सरकारी कर्मचारियों सहित नौकरी पेशा नागरिकों को दिए गए हैं,

# रक्तदान कर जीवन रक्षा का पुण्य कमाएं



मुकेश कुमार शर्मा

जीवन में हर किसी को कभी न कभी परिजनों, रिश्तेदारों, दोस्तों या पड़ोसियों के लिए विशेष परिस्थितियों में रक्त (ब्लड) की आवश्यकता पड़ती ही है। कई बार हमें जरूरत के मुताबिक समय से सुरक्षित रक्त मिल जाता है तो कई बार समय से रक्त मिलने में मुश्किल का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मरीज की जान तक बचाना मुश्किल हो जाता है। इसी मुश्किल को आसान बनाने के लिए हर वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। विश्व रक्तदाता दिवस को मनाने का मूल मकसद लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है ताकि किसी भी मुसीबत में फंसे अपने ही नहीं पराये को भी समय से सुरक्षित रक्त मिल सके और उनके प्राणों की रक्षा की जा सके। रक्तदान को महादान भी कहा जाता है क्योंकि यही एक ऐसी चीज है जिसे किसी भी लैब में या किसी अन्य तरीके से तैयार नहीं किया जा सकता है। इसलिए आज इस दिवस पर प्रण लेने की जरूरत है कि हम समय–समय पर रक्तदान कर महादानी बनने का गौरव हासिल करेंगे। इसके साथ ही आज उन महादानियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने और सम्मान करने का भी दिन है जिनके दान की बदौलत हर साल न जाने कितने लोगों के प्राणों की रक्षा की जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस साल विश्व रक्तदाता दिवस की थीम है– "दान का उत्सव मनाने के 20 साल रू रक्तदाताओं को धन्यवाद।" 18 से 65 साल का कोई भी पूर्ण रूप से स्वस्थ व्यक्ति रक्तदाता बन सकता है। रक्तदाता की कुछ जरूरी जांच भी की जाती है ताकि ब्लड बैंक तक किसी तरह से संक्रमित रक्त न पहुँचने पाए, इसीलिए हाल ही में टैटू बनवाने वालों व बीमार व्यक्तियों के रक्त लेने से भी परहेज किया जाता है ताकि रक्त की शुद्धता बरकरार रखी जा सके। वयस्क स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में 4.5 लीटर से पाँच लीटर रक्त होता है। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति एक बार में 300 से 450 मिली लीटर रक्त दान कर सकता है, जिसकी भरपाई शरीर 24 से 48 घंटे में खुद कर लेती है। तीन माह के अन्तराल पर दोबारा रक्तदान किया जा सकता है। रक्त के अलग–अलग समूह होते हैं, जिनमें कुछ अति दुर्लभ किस्म के होते हैं, जिनके रक्तदाताओं की पहचान कर उनसे बराबर सम्पर्क में रहने की जरूरत होती है ताकि किसी विषम परिस्थिति में उनसे सम्पर्क कर रक्तदान की अपील की जा सके। दुर्घटनाओं में घायलों, गर्भवती, सर्जिकल वाले मरीजों, थैलेसीमिया, कैंसर, एनीमिया आदि स्थितियों में मरीज के लिए रक्त की जरूरत अस्पतालों को आये दिन रहती है। ऐसे में सुरक्षित और पर्याप्त रक्त का संग्रह चुनौतीपूर्ण होता है, जिसे रक्तदाता के जरिये ही पूर्ण किया जा सकता है। इसलिए रक्तदान से जुड़ीं भ्रांतियों और गलतफहमियों को दूर करने के साथ खुद रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित किया जाना चाहिए। तो आइये हम सभी मिलकर आज इस पुनीत दिवस पर प्रण लें कि हम लोगों की जान बचाने के लिए खुद रक्तदान करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने के साथ ही स्वस्थ स्वास्थ्य परम्परा का भी निर्वहन करेंगे। इसके साथ ही हमें यह भी हमेशा ध्यान रखना है कि सुरक्षित रक्त जीवन बचाता है, इसलिए जब भी–जहाँ भी जरूरत होगी रक्तदान जरूर करेंगे और ब्लड बैंक को खाली होने से बचाएंगे।रक्तदान से किसी तरह की कमजोरी नहीं आती बल्कि दिल की सेहत में सुधार के साथ ही दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को आसानी से कम किया जा सकता है। खून में आयरन की अधिक मात्रा दिल के दौरे के जोखिम को बढ़ा सकती है, जबकि नियमित रक्तदान से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है, जो दिल की सेहत के लिए अच्छा है। रक्तदान व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है साथ ही उनसे जुड़े परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है, क्योंकि यह किसी भी रक्तदाता को पता नहीं होता कि उसके द्वारा दान किया गया रक्त कितने जरूरतमंद व्यक्तियों को मिल रहा है। एक यूनिट रक्त चार व्यक्तियों की जान बचा सकता है, क्योंकि इसके अलग–अलग अवयव श्वेत व लाल रक्त कोशिकाएं, प्लेटलेट्स और प्लाज्मा अलग–अलग लोगों के काम आ सकता है। इसलिए इससे ज्यादा पुण्य का कार्य और कोई नहीं हो सकता। खासकर गर्भवती को प्रसव के समय अतिरिक्त रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसी स्थिति में गर्भवती के साथ ही गर्भस्थ शिशु को सुरक्षित बनाने में एक–एक रक्तदाता महत्वपूर्ण हो जाता है। ऐसी ही आपात स्थितियों में रक्त की आपूर्ति बरकरार रखने के लिए लोगों को रक्तदान के लिए सहर्ष आगे आना चाहिए। जन्मदिन, शादी की सालगिरह, संस्थान के स्थापना दिवस जैसे खुशी के अवसरों पर भी रक्तदान कर दूसरों को नायाब तोहफा दे सकते हैं। ज्ञात हो कि विश्व रक्तदाता दिवस कार्ल लैंडस्टीनर के जन्मदिन 14 जून 1868 की सालगिरह पर हर साल मनाया जाता है। कार्ल लैंडस्टीनर को एबीओ रक्त समूह प्रणाली की खोज के लिए नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

(लेखक पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं)

## संक्षिप्त खबरें

### बकाया कर को जमा कराने के लिए डोर-टू-डोर अभियान चलाकर होगी कार्यवाही

मऊ(एजेंसी )। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रशासनः प्रवर्तन सुहेल अहमद ने बताया कि जनपद के समस्त वाहन स्वामी अपने बकाया वाहनों के प्रति बकाया कर को यथाशीघ्र जमा करें, साथ ही यह भी अवगत कराना है कि कार्यालय के सभी कर्मचारियों की टीम बनाकर बकाया वाहनों के नोटिस एवं वसूली पत्र जारी किये जा रहे हैं तथा वाहन स्वामियों के मोबाइल पर फोन करके बकाया कर को जमा कराने के लिए डोर–टू–डोर नॉक की भी कार्यवाही की जा रही है, जिससे बकाया कर की वसूली शत–प्रतिशत की जा सके। जनपद मऊ के बकाया कर की वसूली हेतु अन्य जनपदों के प्रवर्तन अधिकारियों की ड्यूटी जनपद मऊ में लगायी गयी है, जिससे प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान बकाये की वाहनों का संचालन होते पाये जाने पर नियमानसुार बन्दः चालान की कार्यवाही की जायेगी। अन्यथा की स्थिति में वाहन स्वामी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### प्रहलाद जैसी हो भक्ति की भावनाः सुरेश चन्द्र



टिकैतनगर, बाराबंकी(एजेंसी )। भक्ति के लिए भावना भक्तराज प्रहलाद और ध्रुव की तरह होनी चाहिए। जो मनुष्य सत्संग और प्रभु मनन में लीन रहता है। उस पर संतों के साथ–साथ स्वयं नारायण कृपा बरसाते हैं। भगवान को अपने भक्त बेहद प्रिय होते हैं। यह बात क्षेत्र के सराय नेतामऊ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास सुरेश चंद्र मिश्रा महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि जो सच्चे हृदय से भगवान को याद करते हैं, उन पर उनकी कृपा सदा बनी रहती है, लेकिन वर्तमान में मनुष्यों में धर्म के प्रति दिखावा अधिक है। इससे बचना चाहिए। ऐसे में मनुष्य को दिखावा न करते हुए भगवान को सच्चे हृदय से याद करना चाहिए। भागवत कथा सुनने से ऊर्जा का संचार होता है।भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है।प्रह्लाद चरित्र के बारे में विस्तार से सुनाया और बताया कि भगवान नृसिंह रुप में लोहे के खंभे को फाड़कर प्रगट होना बताता है कि प्रह्लाद को विश्वास था कि मेरे भगवान इस लोहे के खंभे में भी है और उस विश्वास को पूर्ण करने के लिए भगवान उसी में से प्रकट हुए एवं हिरण्यकश्यप का वध कर प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा की। उन्होंने कहा कि आज के समय में प्रत्येक व्यक्ति को अच्छे व पुण्य के कार्य करने चाहिए। अच्छे कार्यो को करना ही प्रभु की सच्ची सेवा है।जहां पर भगवान की कथा होती हैं वहां पर सभी विराजमान देवतागण और भक्त शिरोमणि हनुमान भी कथा सुनने आते हैं। राम नाम लेने से आनंद की प्राप्ति होती है। संतों की कृपा से ही भगवान के दर्शन होते है। राधे लाल वर्मा, लवकुश शर्मा, दया शंकर शुक्ला,राजकुमार रावत आदि लोग मौजूद रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में चोरी के सामान व हथियार समेत तीन चोर गिरफ्तार

### - कब्जे से 03 तमंचा, 16 पेटी अवैध देशी शराब सहित विभिन्न प्रकार के चोरी के सामान बरामद



मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ(एजेंसी )। स्थानीय कोतवाली पुलिस ने हाल ही में चोरी की वारदातों में शामिल तीन चोरों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से चोरी के सामान सहित कट्टा व कारतूस भी बरामद किया गया है। जांच परख के उपरांत इन्हें संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया। बुधवार को थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह को हमराहियो के साथ चेकिंग के दौरान मुखबिर से प्राप्त इस सूचना पर कि तीन दिन पूर्व जो देशी शराब के ठेके व जन सेवा केन्द्र में चोरी हुई थी, उसको अंजाम देने वाले कुछ व्यक्ति उसी पिकप से चिरैयाकोट की तरफ से आ रहे हैं। जिनके पास चोरी के सामान व नाजायज असलहें है। फौरन पुलिस टीम द्वारा चिरैयाकोट मुहम्मदाबाद गोहना मार्ग भैसहां मोड़ के पास घेराबंदी की गई। जब आरोपी वहां आये व पुलिस वालों को देखे तो बिना नम्बर का पिकप चला रहा व्यक्ति पिकप को रोड पर ही पीछे मोड़ने के लिए आगे पीछे करना चाहा, लेकिन रोड सकरा होने के कारण पिकप को जल्दी से नही मोड़ पाया। इसी बीच पुलिस टीम द्वारा पिकप को घेर लिया गया। पिकप को घिरा पाकर पिकप चला रहे व्यक्ति ने चिल्लाकर गाली देते हुए कहा की पुलिस वाले है, इनको जान से मार दो नही तो पकड़ लिए जायेंगे। पिकप चला रहे व्यक्ति व पिकप में बैठे दो अन्य व्यक्तियो द्वारा पुलिस वालो को जान से मारने की नीयत से बारी–बारी से फायर कर दिया गया। पुलिस टीम सिखलाये हुए तरीके से अपने को बचाते हुए पिकप चला रहे व्यक्ति तथा पिकप में बैठे दो व्यक्तियो को पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए भागने का कारण पूछा गया तो उन्होंने अपना नाम प्यारेलाल प्रजापति पुत्र लालचन्द प्रजापति निवासी मीरपुर थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर, अभिषेक कुमार पुत्र बेचन राम निवासी हड़ौरा थाना तरवां जनपद आजमगढ तथा राकेश पुत्र हरिश्चन्द राम निवासी मीरपुर थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर बताया। जमा तलाशी के दौरान उनके पास से तीन अदद नाजायद तमंचा, 315 बोर का तीन अदद जिन्दा कारतूस, 315 बोर व तीन अदद खोखा कारतूस, 315 बोर व 2000 रुपये व पिकअप पर चोरी का सामान लदा हुआ बरामद हुआ। पूछताछ में पता चला कि जो सामान पिकप में से मिला है, वह चोरी का है, जिसको यह तीनो लोगो ने एक साथ इसी पिकप से दिनांक सात जून की रात्रि में मुहम्मदाबाद गोहना रोडवेज के बगल मे स्थित देशी शराब के ठेके से उसका कैमरा तोड़कर लोहे की राड की मदद से ताला तोड़कर अन्दर कमरे में घुसकर उसका डीवीआर उठा लिए तथा वहां से यह तीनो लोगो ने 2000 रूपया नगद चुराया था। उसके बाद यह तीनो लोग कलेण्डर तिराहे पर पहुंचे जहां पर देशी शराब के ठेके से 16 पेटी देशी शराब की पेटियां चोरी कर लिया तथा सभी सामान इसी पिकप में लादकर वापस जाते समय चिरैयाकोट मुहम्मदाबाद गोहना रोड पर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से कुछ दूर आगे जाने पर एक जन सेवा केन्द्र का ताला तोड़कर उसके अन्दर घुसकर वहां से दो अदद बड़ी बैट्री तथा एक सफेद रंग का टेबल फैन, एक लैपटाप चुराया था। यह लोग आज पुनः सभी सामान को पूर्व की भांति लादकर पुनः घूमते फिरते कुछ जहां मौका मिलता वहां चोरी करके पूरे चोरी के सामान का ग्राहक सेट कर बेचने के फिराक में आये थे। बरामद शस्त्र व चोरी के सामान को मौके पर सीज कर उन्हें गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में मुकदमा लिखकर न्यायालय रवाना कर दिया गया।

## लीकेज सिलेंडर से घर में लगी आग, सारा सामान जलकर खाक

रतनपुरा, मऊ(एजेंसी )। रतनपुरा प्रखंड के मुबारकपुर, कुंवारीडीह स्थित चौहान बस्ती में लीकेज सिलेंडर से घर में आग लग गई। जिससे पति–पत्नी झुलस गए और घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। बताया जाता है कि मंगलवार की सायं 7:30 बजे के लगभग मुबारकपुर कुंवारीडीह चौहान बस्ती निवासी चंदन चौहान की पत्नी बिंदु चौहान घर में खाना बना रही थी, इसी दौरान लीकेज सिलेंडर की वजह से रसोई घर में आग लग गई। सामान बचाने के चक्कर में चंदन चौहान और उसकी धर्मपत्नी बिंदु चौहान झुलस गए। इन लोगों के चिल्लाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। गांव के ही फौजी गौतम चौहान ने सरिया के जरिए सिलेंडर को खींचकर के घर के बाहर लाये,और जूट के बोरसे सिलेंडर को बुझा दिया। इसके बाद गांव के ही हरिकेश चौहान घायल दंपत्ति को बाइक पर बैठा कर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। आगजनी में झुलस गए चंदन चौहान गुजरात के राजकोट शहर में कमाते खाते हैं। भीषण गर्मी के वजह से वे घर आए हुए थे, कि तभी लिकेज सिलेंडर की वजह से आगजनी के शिकार हो गए। आगजनी की इस घटना में सब कुछ जल करके खाक हो गया। अभी यह परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया है। मुबारकपुर गांव के पूर्व प्रधान प्रत्याशी बुद्धिराज राजभर ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को सहयोग करने की अपील की है।

## प्रधानों ने अपनी मांगों से संबंधित सौंपा ज्ञापन



रतनपुरा, मऊ(एजेंसी )। अखिल भारतीय प्रधान संगठन के आह्वान पर विकासखंड रतनपुरा की अध्यक्ष शारदा देवी के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने अपनी विभिन्न मांगों से संबंधित मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन बुधवार को खंड विकास अधिकारी इदरीश अली को सौंपा। प्रधानों की प्रमुख मांगों में कंप्यूटर सिस्टम द्वारा भुगतान के आदेश को वापस लेने, नरेगा मजदूरों की मजदूरी 237 रुपए प्रति कार्य दिवस से बढ़ाकर कम से कम 400 प्रति कार्य दिवस करने, राज्य वित्त आयोग एवं प्रशासनिक सुधार आयोग की सिफारिशों को लागू करने, प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों व जिला पंचायत सदस्यों की सुरक्षा हेतु उन्हें शस्त्र लाइसेंस जारी करने में सहूलियत देने सहित कई अन्य बातें प्रमुख रही। ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष शारदा देवी, देवेंद्र यादव (ग्राम प्रधान मानिकपुर) ओम नारायण शर्मा, पवन कुमार परिवर्तन, सतीश चंद्र यादव, अर्चना यादव, अनिल कुमार, रामबरन यादव सहित बड़ी संख्या में प्रधान गण उपस्थित रहे।

## सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए बकरीद का त्यौहार- जिलाधिकारी

### जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न



मऊ(एजेंसी )। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में आगामी त्यौहार बकरीद के दृष्टिगत जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों द्वारा मलवे के निस्तारण हेतु गहरे गड्ढे की खुदाई करने उन्हें निर्धारित स्थलों पर ही फेंकने हेतु लोगों को जागरूक करने बिजली एवं पानी की आपूर्ति अनवरत सुनिश्चित करने बकरीद के उपरांत नाले नालियों की विशेष साफ सफाई करने, सूअर बाड़े के मालिकों को पूर्व में ही नोटिस जारी करने, जानवरों को लाने एवं ले जाने में सुविधा प्रदान करने, आवागमन के रास्तों एवं निस्तारण स्थलों पर चूने एवं ब्लीचिंग का छिड़काव करने तथा साफ सफाई का विशेष ध्यान देने जैसी मांगों सहित कई समस्याओं से अवगत कराया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अरशद जमाल ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन को बधाई देते हुए बताया कि नगर पालिका द्वारा आगामी त्यौहार बकरीद को देखते हुए पूरी तैयारी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि 70 स्थलों पर गड्ढों की खुदाई एवं पानी की नियमित सप्लाई हेतु पर्याप्त जेनरेटरों की भी व्यवस्था कर ली गई है। उन्होंने आगामी दिनों में हीट वेव एवं संचारी रोगों के प्रभाव को देखते हुए साफ सफाई के विशेष निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शासन द्वारा त्योहारों के दौरान जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने को भी कहा। शांति समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक इलमारन जी ने किसी भी नई परंपरा को प्रारंभ न करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिबंधित पशुओं के साथ ही गर्भवती एवं तीन माह से कम आयु के पशुओं की कुर्बानी पर भी रोक लगाने के निर्देश दिए। साथ ही सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन न करने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, समस्त नगर पंचायत, अधिशासी अभियंता विद्युत, नगर पालिका अध्यक्ष अरशद जमाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तैयब पालकी सहित समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थाना अध्यक्ष एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों को दिया गया ताजा पानी व चाराः आनन्द तिवारी

### गौशाला के निरीक्षण के दौरान बोले एसडीएम



सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी(एजेंसी )। क्षेत्र के राजापुर गौशाला का एस डी एम, सी बी ओ, डिप्टी सी बी ओ, बी डी ओ आदि अधिकारियों ने किया निरीक्षण बीमार दो पशुओं का पशुधन प्रसार अधिकारी व पैरावेटों ने ग्लूकोज इंजेक्शन व इलेक्ट्राल पिलवा कर कराया उपचार। मामला स्थानीय विकास खंण्ड की ग्राम पंचायत राजापुर की गौशाला का है जंहा पर 72 गाय बछिया बछडे हैं बुधवार की सुबह से ही अधिकारियों का आना शुरू हो गया। एस डी एम सिरौलीगौसपुर आनन्द तिवारी, डाक्टर अतुल कुमार अवस्थी सी बी ओ, अमित त्रिपाठी बी डी ओ सिरौलीगौसपुर, डिप्टी सी बी ओ डाक्टर गया प्रसाद पशुधन प्रसार अधिकारी अशोक प्रसाद एवं पशुपालन विभाग के पैरावेट दिनेश कुमार वर्मा, जगदीश आदि गौशाला पर पंहुच कर दो बीमार गाय और बछिया को इंजेक्शन ग्लूकोज देकर उपचार किया। गौशाला पर हरा चारा भूसा पानी उपलब्ध था। एस डी एम ने गांव के बृजेश, सुरेन्द्र वर्मा हरिराम रामतेज सर्वेश आदि ग्रामीणों से गौशाला पर चारा भूसा हरा चारा आदि की जानकारी ली ग्रामीणों ने बताया कि भूसा हरा चारा पशुओं को खिलाया जाता है परन्तु गौशाला में छाया की ब्यवस्था नहीं है।एक गाय व एक बछिया बीमार थे जिनका तीन दिन से लगातार पशुपालन विभाग द्वारा उपचार किया जा रहा है गाय व बछिया दोनों स्वस्थ्य हो रहें हैं। एसडीएम ने पत्रकारों को बताया है कि गौशाला संचालक को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि पशुओं को समय से हरा चारा भूसा पानी दिया जाय गांव के सफाई कर्मी को भी निर्देशित किया गया है कि वह भी साफ सफाई में सहयोग प्रदान करता रहे। इस मौके पर मनीष शुक्ला, कुलदीप श्रीवास्तव, सतीश वर्मा, तकनीकी सहायक गजराज वर्मा धर्मेन्द्र कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

## क्रेशर प्लांट पर श्रमिक की मौत से आक्रोशित परिजनों ने एसपी आवास का किया घेराव

### ’लापरवाही का आरोप लगाते हुए की मुआवजे की मांग

मीरजापुर। जिले के अहरौरा थाना क्षेत्र के सोनपुर में स्थित क्रेशर प्लांट में बिजली के करंट की चपेट आए श्रमिक की मौत से परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो उठे हैं। बुधवार को सुबह होने पर मृत मजदूर के परिजनों ने पुलिस कप्तान के आवास का घेराव कर दिया। सिविल लाईन स्थित एसपी आवास पर पहुंचे परिजनों ने आरोप लगाया है उन्होंने अहरौरा थाना प्रभारी क्रेसर मलिक को बचाने का प्रयास कर रहें हैं। क्रेसर मालिक के रसूख के आगे नतमस्तक अहरौरा पुलिस मुकदमे को प्रभावित कर रही है। बताते चलें कि मंगलवार की रात्रि में अहरौरा थाना क्षेत्र के सोनपुर स्थित क्रेसर प्लांट में काम करते समय बिजली के करंट से बुरी तरह से झुलसे मजदूर सीताराम को आनन फानन में चेचरी मोड़ स्थित स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था जहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया था। मजदूर की मौत की सूचना पर अहरौरा पुलिस ने मृत मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुट गई थी। उधर जैसे ही करंट की चपेट में आए मजदूर के मौत की खबर परिजनों को हुई वैसे ही परिवार में हड़कंप मच गया था। बताया जा रहा है कि देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के दुर्गापुर गांव के रहने वाले सीताराम काफी समय से सोनपुर अहरौरा स्थित क्रेशर प्लांट में बतौर मजदूर कार्य कर रहे थे। मृतक सीताराम की मौत को लेकर जहां ग्रामीणों में तरह तरह की चर्चा रही है, वहीं परिजनो ने मुआवजे आदि की मांग को लेकर एसपी आवास का बुधवार को सुबह घेराव करते हुए कार्रवाई की भी मांग की है। परिजनों का आरोप रहा है कि सीताराम की मौत को छुपाया जा रहा है जिसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएं। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने आक्रोशित लोगों को शांत कराते हुए जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा है कि पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा।

'सुरक्षा मानकों के नाम पर हो रही है मनमानी’

जिले के अहरौरा थाना क्षेत्र के सोनपुर सहित आसपास के गांवों में संचालित होने वाले क्रेशर प्लांटों पर सुरक्षा मानकों की खुली अनदेखी करते हुए मजदूरों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। बताते चलें कि इसके पूर्व भी कई हादसे घटित हो चुके हैं, लेकिन इलाकाई पुलिस की लापरवाही और क्रेशर प्लांट संचालकों के दबाव के चलते गरीब श्रमिकों की आवाज पत्थरों और पहाड़ों के तले दब कर रह गई है। जिससे उनके हौसले जहां बुलंद बने हुए हैं वहीं कुछ स्थानीय सफेद पोश नेताओं एवं कुछ तथा कथित लोगों की संलिप्तता के चलते मजदूरों को न्याय भी नहीं मिल पा रहा है। और मैं कुछ लोगों ने क्रेशर प्लांट संचालकों की मनमानी और लापरवाही तथा सुरक्षा मानकों की अनदेखी के चलते श्रमिकों की होने वाली मौत को लेकर शासन प्रशासन से शिकायत भी की थी ।

## आधुनिक तरीके से करेंगे खेती तो पैदावार होगी अधिक होगी

मीरजापुर। ग्रामीण किसानों को संशोधित धन के बीच की वैरायटी कृषि केंद्र लालगंज पर 95 कुंतल की उपलब्धता बना रखी है। इसमें 50 प्रतिशत सब्सिडी के धान है जो किसानों को तत्काल सब्सिडी का पैसा वापस कर धान की बिक्री की जा रही है। लालगंज विकासखंड के किसान धान की खेती करने की तैयारी में जुटे हुए हैं। किसानों का मानना है की बरसात करीब है। इसलिए धान की नर्सरी किस तैयार कर रखना चाहते हैं। वह वर्ष शुरू होते ही धान की रोपाई शुरू कर देंगे। अच्छी पैदावार के लिए किसान संशोधित बी कृषि केंद्र से खरीद कर धान की नर्सरी की तैयारी करेंगे।

## विहिप ने प्रदर्षन कर फूंका आतंकवाद का पुतला



बाराबंकी।(एजेंसी ) जम्मू कश्मीर में वैष्णों देवी कटरा से शिव खोडी जाते समय 9 जून को हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों के कायराना हमला किया जिसमें 10 निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्री मारे गए इसके विरोध में बुधवार को विष्व हिंदू परिषद बजरंग दल के युवा इकाई के कार्यकर्ताओं के द्वारा शहर स्थित प्रधान गेस्ट हाउस से विरोध प्रदर्शन करते हुए पटेल तिराहे पहुंचे कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान पोषित इस्लामी जिहाद आतंकवाद का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना है इस क्रूरतम दुष्कृत्य से पूरा देश आहत है और तीव्र आक्रोश में है। जम्मू कश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है। धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है। लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है। हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। देश के नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है। बजरंग दल ने इस कायराना कृत्य की तीव्र निंदा की। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के द्वारा राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने का केंद्र सरकार को निर्देश दें तथा इस प्रकार के तत्वों को सरंक्षण देने वाले आंतरिक व विदेशी तत्वों का कठोरता से समुचित इलाज हो ऐसा केन्द्र सरकार से सुनिश्चित कराने की मांग की है। बजरंग दल अवध प्रांत साप्ताहिक मिलन प्रमुख अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि जम्मू कश्मीर में धार्मिक यात्रा पर निकले हिन्दू श्रद्धालुओं पर माता वैष्णों देवी कटरा से शिव खोडी दर्शन को जाते समय 9 जून को इस्लामिक जेहादी पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों ने योजना पूर्व घात लगाकर शिव खोडी के निकट बस के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी कर बस चालक सहित 10 तीर्थ यात्रियों की हत्या कर दी। जिससे देशभर में भारी आक्रोश व्याप्त है। हिंदू तीर्थ यात्रियों की हत्या के विरुद्ध बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के द्वारा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा कर समुचित कार्रवाई की मांग की। विरोध प्रदर्शन में विहिप विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश, जिलाध्यक्ष बृजेश वैश्य, जिला उपाध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश, जिला मंत्री राहुल कुमार वर्मा, दुर्गा वाहिनी संयोजिका नेहा मिश्रा, विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक अमित गुप्ता आदि रहे।

## एक सप्ताह के अन्दर जियो टैग का काम हो पूराः सौरभ त्रिपाठी

बाराबंकी(एजेंसी )। परियोजना अधिकारी डूडा सौरभ त्रिपाठी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अन्तर्गत जनपद की नगर पंचायत हैदरगढ़ की डीपीआर जिलाधिकारी के अनुमोदन के क्रम में शासन प्रेषित की गयी थी। इस सूची में पात्र पाये गये 372 आवेदकों की पात्रता की जाँच पूर्व में उपजिलाधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी–हैदरगढ़ के द्वारा संयुक्त रूप से की गयी थी। इसी क्रम मेंवर्तमान मेंशासन द्वारा इन 372 आवेदकों की डीपीआर की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। तद्नुसार जिलाधिकारी के द्वारा 372 डीपीआर के लाभार्थियों के प्रथम स्तर जियोटैग 01 सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किये गये है। परियोजना अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) पूर्णतया निशुल्क योजना है, यदि कोई व्यक्ति योजना के अन्तर्गत आवास का लाभ दिलाने हेतु पैसे की माँगधैसा लेता है, तो इस की शिकायत जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) बाराबंकी में की जा सकती है। नगर पंचायत हैदरगढ़ की नवस्वीकृत 372 लाभार्थियों की डीपीआर लोक हित में कार्यालय, नगर पंचायत हैदरगढ़ एवं तहसील–हैदरगढ़ के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित भी की गई है।

## त्यौहारों एवं कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत डीआईजी विन्ध्याचल परिक्षेत्र ने की समीक्षा बैठक

मीरजापुर। पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में पुलिस उपमहानिरीक्षक, विंध्याचल परिक्षेत्र, आरपी सिंह व पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शांति व कानून व्यवस्था सहित अपराध नियंत्रण हेतु पुलिस समीक्षा बैठक की गई। आगामी त्यौहारों की संवेदनशीलता के दृष्टिगत छोटी से छोटी घटनाओं पर गम्भीरता पूर्वक कार्यवाही करने हेतु सख्त निर्देश दिए गए। ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों को अनिवार्य रूप से अपने साथ बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट व डंडा इत्यादि दंगा नियंत्रण उपकरणों को रखने हेतु सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में सभी पुलिस वाहनों पर लाउड हेलर व पब्लिक एड्रेस सिस्टम को सक्रिय करते हुए त्योहारों को शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने हेतु आमजन से अपील किया जाए। महिला अपराधों में अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने, सनसनीखेज वारदातों के अभियुक्तों जैसे हत्या, लूट, डकैती, गैंगरेप, गौ तस्करी, वाहन चोरों, मादक पदार्थ तस्करों, के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही करने तथा गैंगस्टर की अभियुक्तों की धारा 14 (1) अंतर्गत संपत्ति सीजर करने, शासन द्वारा चलाए गए अभियान के अंतर्गत जनपद स्तरीय चिन्हित सनसनीखेज अपराधों में प्रभावी पैरवी कर सजा दिलाने, ओवर लोड वाहनों के अवैध संचालन पर प्रभावी अंकुश लगाने, अवैध शराब निष्कर्षण, भंडारण व बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने, सभी मुख्य बाजार, मार्गों, चौराहों एवं हाइवे पर रात्रि गश्त एवं प्रभावी चेकिंग करने, आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थनापत्रों का भली–भांति अवलोकन कर उनमें निष्पक्ष जांच करने तथा समय से उनको निस्तारित करने, थानों पर महिला हेल्पडेस्क के माध्यम से संचालित अभियान के अन्तर्गत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ती दीदी के माध्यम से आउटरीच प्रोग्राम चलाकर जनता को लगातार जागरूक करते हुए प्राप्त निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही करने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। सोशल मीडिया टीम द्वारा सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों पर सतत निगरानी रखी जाए।

# पीसीबी ने रखा 19 फरवरी से शुरुआत का प्रस्ताव, भारत के मैचों के लिए हाइब्रिड माडल किया खारिज




लाहौर, 13 जून। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए 19 फरवरी से शुरुआत करने का प्रस्ताव रखा है, जो पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी। साथ ही उसने एशिया कप 2023 की तरह भारत के मैचों के लिए हाइब्रिड मॉडल पर विचार करने से इनकार कर दिया है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रस्ताव के मुताबिक, आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 19 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक आयोजित की जाएगी। सभी मैच तीन प्रमुख शहरों कराची, रावलपिंडी और लाहौर में खेले जाएंगे।पीसीबी के सूत्रों के मुताबिक, इस आयोजन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए पाकिस्तान आए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अधिकारियों ने व्यवस्थाओं पर संतोष जताया है।पीसीबी ने भारत के मैचों के लिए हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। पीसीबी का कहना है कि सभी मैच पाकिस्तान में खेले जाने चाहिए।

ये उम्मीद की जा सकती है कि इस मामले पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) का फैसला काफी विचार विमर्श के बाद आ सकता है।

पिछले एशिया कप 2023 के दौरान भारत के मैचों को श्रीलंका में ट्रांसफर कर दिया गया था। हालांकि, इस बार पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल के चयन के लिए तैयार नहीं है। पाकिस्तान चाहता है कि भारत समेत सभी मैच देश में ही खेले जाएं।पीसीबी के एक सूत्र ने कहा, हमने हाइब्रिड मॉडल नहीं चुना है। हालांकि, हमने यह सुविधा दी है कि भारत के मैच लाहौर में ही खेले जा सकते हैं। इस तरह, टीम को पाकिस्तान के शहरों में इधर–उधर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और लाहौर में टीम की सुरक्षा अच्छी तरह से बनाए रखी जा सकेगी।सूत्र के अनुसार, भारतीय क्रिकेट टीम पूरे टूर्नामेंट के दौरान लाहौर में रह सकती है। इससे सुरक्षा संबंधी कठिनाई कम हो जाएंगी और टीम को एक शहर से दूसरे शहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।भारतीय टीम के लिए विशेष व्यवस्था मैचों में हिस्सा लेने के लिए आसान और ज्यादा सुविधाजनक विकल्प दे सकती है, क्योंकि ये मैच एक ही शहर में खेले जाएंगे।पीसीबी सूत्र ने कहा, लाहौर से वाघा बॉर्डर का करीब होना भारतीय फैंस के लिए ज्यादा सुविधाजनक रहेगा। हालांकि, सवाल यह है कि क्या भारत इस आयोजन को स्वीकार करेगा और इसमें हिस्सा लेगा?चौंपियंस ट्रॉफी के लिए पीसीबी के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, कराची में कम से कम तीन मैच खेले जाएंगे। इसमें उद्घाटन और सेमीफाइनल मैच शामिल है। लाहौर में फाइनल समेत कम से कम सात मैच खेले जाएंगे। रावलपिंडी में कम से कम पांच मैच खेले जाएंगे, जिसमें एक सेमीफाइनल भी शामिल है।

○○

# अर्शदीप ने बुमराह को दिया यूएसए के खिलाफ शानदार प्रदर्शन का श्रेय



न्यूयॉर्क, 13 जून। टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में यूएसए पर भारत की जीत में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े हासिल करने वाले तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने इस दमदार प्रदर्शन का श्रेय अपने सीनियर जसप्रीत बुमराह की सलाह को दिया।

प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए अर्शदीप ने चार ओवर में 9 रन देकर चार विकेट लेने के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ वापसी की, जिससे भारत ने यूएसए पर सात विकेट से जीत दर्ज कर सुपर–8 में जगह पक्की की।

बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने मैच के अपने पहले ओवर में शायन जहांगीर और एंड्रीज गौस को आउट किया। इसके बाद जब वो अटैक में आए तो नीतीश कुमार और उसके बाद हरमनप्रीत सिंह का अहम विकेट लिया, जिससे यूएसए की टीम 20 ओवर में 110८8 पर सिमट गई।

उन्होंने डिज्नी हॉटस्टार पर कहा, ड्रेसिंग रूम में भी यही चर्चा थी। रन बनाने के लिए आसान गेंदें न दें, क्योंकि हमारे बल्लेबाज भी रन बनाने में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। इसलिए योजना यह थी कि हार्ड लेंथ पर गेंदें फेंकी जाए और देखें कि विकेट कहां मदद करता है।

यूएसए के खिलाफ अपने प्रदर्शन के बारे में आगे बात करते हुए अर्शदीप ने कहा, पिछले मुकाबलों में मैं काफी महंगा साबित हुआ था, लेकिन यूएसए के खिलाफ प्रदर्शन से खुश हूं। मुकाबले के दौरान मैं हार्ड लेंथ को हिट करने का प्रयास कर रहा था। बातचीत के दौरान उन्होंने बुमराह के साथ हुई बातचीत का भी खुलासा किया। युवा तेज गेंदबाज ने कहा, जस्सी भाई (जसप्रीत बुमराह) ने मुझे सलाह दी थी कि बल्लेबाज को परेशान करने के लिए मैं यॉर्कर का भी इस्तेमाल कर सकता हूं। इस मुकाबले में सभी गेंदबाजों ने अपना बेस्ट दिया। उन्होंने आगे कहा, यह विकेट तेज गेंदबाजों के लिए काफी मददगार है और इससे हमें सीम मूवमेंट हासिल करने में मदद मिल रही है। इसलिए योजना सरल थी, बस गेंद को विकेटों पर पिच करें।

अमेरिका ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 110 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 18.2 ओवर में 3 विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। विराट कोहली बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए, जबकि कप्तान रोहित शर्मा 3 रन बनाकर आउट हुए। यहां से यूएसए ने मैच पूर पूरी तरह से अपना दबदबा बना लिया था लेकिन सूर्यकुमार यादव ने 49 बॉल पर नाबाद 50 रन बनाए, जबकि शिवम दुबे ने 35 बॉल पर नाबाद 31 रनों की जुझारू पारी खेली। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 65 बॉल पर 67 रन की पार्टनरशिप हुई। यूएसए के लिए सौरभ नेत्रवल्कर को 2 विकेट मिले, अली खान ने एक विकेट लिया।

# वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को हरा कर सुपर 8 में बनाई जगह



टरूबा (त्रिनिदाद), 13 जून। शेरफेन रदरफोर्ड की नाबाद 68 रन की पारी और अल्जारी जोसेफ के चार विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने गुरुवार को न्यूजीलैंड को 13 रन से हराकर टी20 विश्व कप के सुपर आठ में जगह बना ली है।

धाकड़ ऑलराउंडर से सजी वेस्टइंडीज की टीम ने ग्रुप–सी में तीनों मैच जीते हैं और अब उसका सामना ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में अफगानिस्तान से होगा। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड लगातार दो हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर है।

न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 136 रन ही बना सकी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही। महज 30 रन के अंदर टीम ने अपने 5 विकेट खो दिए, लेकिन छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए शेरफेन रदरफोर्ड ने पारी को संभाला और स्कोर 149 तक पहुंचाया। रदरफोर्ड ने नाबाद 68 रन बनाए।

उनके अलावा निकोलस पूरन ने 17, अकील होसैन ने 15, आंद्रे रसेल ने 14 और रोमारियो शेफर्ड ने 13 रन का योगदान दिया।

न्यूजीलैंड के लिए ट्रेंट बोल्ट ने 3 विकेट झटके। टिम साउथी और लॉकी फर्ग्यूसन ने 2–2 विकेट लिए। जेम्स नीशम और मिचेल सेंटनर को 1–1 विकेट मिला।

150 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत भी खराब रही। हालांकि, फिन एलन ने एक छोड़ संभाले रखा लेकिन वो भी 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। नंबर–6 पर बल्लेबाजी करने आए ग्लेन फिलिप्स ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा 40 रन बनाए।

वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ ने 4 विकेट झटके। वहीं मोती ने 3 विकेट लिए। आंद्रे रसेल और अकील होसेन को 1–1 विकेट मिला।

# महंगाई कम होने का दिखा असर, रिकार्ड तेजी के साथ खुले शेयर बाजार

मुंबई, 13 जून। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में खुले। इसकी वजह मई में महंगाई कम होना है। बुधवार को सरकार की ओर से जारी आंकड़ों में बताया गया था कि मई में खुदरा महंगाई दर गिरकर 4.75 प्रतिशत रह




गई है, जो अप्रैल में 4.83 प्रतिशत थी।

गुरुवार को शुरुआती कारोबार में ही सेंसेक्स ने 77,145 और निफ्टी ने 23,481 का नया ऑल टाइम हाई रिकॉर्ड बनाया। सुबह 9रू25 तक सेंसेक्स 340 अंक या 0.44 प्रतिशत बढ़कर 79,946 अंक और निफ्टी 106 अंक या 0.46 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,429 अंक पर था।

बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी जा रही है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1724 शेयर हरे निशान में और 340 शेयर लाल निशान में हैं। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 387 अंक या 0.72 प्रतिशत बढ़कर 54,612 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 86 अंक या 0.49 प्रतिशत बढ़कर 17,879 अंक पर है। इंडिया विक्स 2. 22 प्रतिशत गिरकर 14.07 अंक पर है, जो दिखाता है कि बाजार में स्थिरता लौट रही है।

सेक्टर के हिसाब से देखें तो आईटी, ऑटो, पीएसयू बैंक, रियल्टी, मेटल और इन्फ्रा में तेजी है। वहीं, एफएमसीजी और मीडिया इंडेक्स लाल निशान में है। सेंसेक्स पैक में विप्रो, टेक महिंद्रा, नेस्ले, टाइटन, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस, टीसीएस और एमएंडएम टॉप गेनर्स हैं। रिलायंस, पावर ग्रिड और एचयूएल टॉप लूजर्स हैं।जानकारों का कहना है कि महंगाई के मोर्चे पर अच्छी खबर है। अमेरिका और भारत दोनों में महंगाई कम हुई है। अमेरिका में महंगाई घटकर 3.3 प्रतिशत पर आ गई है। वहीं, भारत में यह घटकर 4.75 प्रतिशत पर रह गई है। ऐसे में ब्याज दर कटौती की उम्मीद को दोनों ही देशों में बल मिला है और यह बाजार के लिए सकारात्मक है।

# स्टाप क्लाक पेनाल्टी का पहला शिकार बना यूएसए



न्यूयॉर्क, 13 जून। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेल की गति को बढ़ाने की मंशा से लाए गए स्टॉप क्लॉक नियम का पहला शिकार संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) की टीम बनी है।

बुधवार को न्यूयॉर्क में टी20 विश्व कप 2024 में भारत के खिलाफ खेले गए मैच में यूएसए को पेनाल्टी के तौर पर पांच अतिरिक्त रन देने पड़ गए।यह पेनाल्टी तीन बार ओवर को समय पर शुरू ना करने की वजह से लगाई जाती है। जिस समय यूएसए पर यह पेनाल्टी लगी, वह मैच का बेहद महत्वपूर्ण मोड़ था।अगला ओवर समय पर शुरू न करने के लिए अमेरिका की खिंचाई की गई और परिणामस्वरूप, उनके प्रतिद्वंद्वी भारत को अतिरिक्त रन दिए गए।यह नियम 1 जून से पुरुषों के वनडे और टी20आई में लागू किए गए हैं। नियमों के मुताबिक पिछले ओवर की समाप्ति और नए ओवर की शुरुआत के बीच एक मिनट से अधिक समय बर्बाद नहीं होना चाहिए। अगर एक पारी में ऐसा तीसरी बार होता है तब गेंदबाजी टीम पर पांच रनों की पेनल्टी लगाई जाएगी।भारत को 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम पांच ओवरों में 35 रन चाहिए थे, जो एक कठिन बल्लेबाजी पिच पर चुनौतीपूर्ण था।16वें ओवर की शुरुआत में, स्टॉप–क्लॉक नियम लागू हुआ, यूएसए पारी में तीसरी बार समय पर ओवर शुरू करने में विफल रहा।इसके बाद अंपायरों ने पांच रन की पेनल्टी लगाई, जिससे भारत का लक्ष्य 30 गेंदों पर 30 रन रह गया। इस रोमांचक मोड़ पर एक्स्ट्रा रन भारत के लिए काफी अहम रहा।

अंपायरों को चोटिल मोनंक पटेल की अनुपस्थिति में यूएसए की कप्तानी कर रहे आरोन जोन्स को पेनल्टी के बारे में समझाते हुए देखा गया। फिर, यूएसए की टीम को पेनल्टी स्वीकार करनी पड़ी। अंत में भारत ने यह मैच 10 गेंद शेष रहते सात विकेट से जीत लिया।इस जीत ने भारत को तीन मैचों में तीन जीत के साथ सुपर 8 में पहुंचा दिया है। जबकि अमेरिका को अब आयरलैंड के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप मैच में जीत दर्ज करनी होगी। हालांकि, जीत या कोई नतीजा न मिलने पर वे सुपर 8 में पहुंच जाएगा, लेकिन हार से उनकी क्वालिफिकेशन की उम्मीदें नेट रन रेट पर निर्भर हो सकती हैं।

# चांदी 90 हजार से नीचे फिसली, सोने के भाव भी गिरे



नईदिल्ली,13 जून। सोने चांदी के वायदा कारोबार में आज नरमी देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव आज गिरावट के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 71,450 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 88,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव में भी गिरावट देखने को मिल रही है।

सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट आज 495 रुपये की गिरावट के साथ 71,475 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 520 रुपये की गिरावट के साथ 71,450 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 71,519 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 71,436 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने पिछले महीने 74,442 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

चांदी के वायदा भाव की शुरूआत आज सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट आज 1,499 रुपये की गिरावट के साथ 88,946 रुपये पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 2,010 रुपये की गिरावट के साथ 88,435 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 88,946 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 88,332 के भाव पर दिन निचला स्तर छू लिया। पिछले महीने चांदी के वायदा भाव ने 96,493 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। कॉमेक्स पर सोना 2,340.89 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,354.80 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 23.10 डॉलर की गिरावट के साथ 2,331.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.80 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 30.26 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 1.03 डॉलर की नरमी के साथ 29.23 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# जेप्टो 3.5 अरब डालर के वैल्यूएशन पर जुटाएगी 650 मिलियन डालर की पूंजी




नई दिल्ली, 13 जून। क्विक कॉमर्स कंपनी जेप्टो ने मौजूदा और नए निवेशकों से 650 मिलियन डॉलर की पूंजी जुटाने का फैसला किया है।

सूत्रों की ओर से बताया गया कि ये फंडिंग 3.5 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर जुटाई जाएगी।

सूत्रों ने बताया कि नेक्सस और उसकी लिमिटेड पार्टनर स्टेपस्टोन इस नई फंडिंग राउंड का नेतृत्व करेगी।कंपनी ने फिलहाल इस पर कोई बयान नहीं दिया है। कंपनी की ओर से पिछले एक वर्ष में दूसरी बार फंडिंग जुटाई जा रही है।

पिछले वर्ष अगस्त में जेप्टो की ओर से स्टेपस्टोन ग्रुप, गुडवाटर कैपिटल और अन्य निवेशकों से 1.4 अरब डॉलर की वैल्यूएशन पर 200 मिलियन डॉलर की राशि जुटाई गई थी। इस राउंड की फंडिंग को स्टेपस्टोन ग्रुप ने लीड किया। वहीं, यूएस की गुडवाटर कैपिटल एक नए निवेशक के रूप में शामिल हुआ।


जेप्टो की संस्थापना जुलाई 2021 में की गई थी। कंपनी की योजना जल्द ही आईपीओ लाने की है।

क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म की ओर से वित्त वर्ष 2023 में आय में सालाना आधार पर 1,339 प्रतिशत की ग्रोथ देखने को मिली थी। हालांकि, आय बढ़ने के साथ ही नुकसान में भी बढ़ोतरी हुई।वित्त वर्ष 2023 में जेप्टो की आय 2,024 करोड़ रुपये रही थी, जो कि वित्त वर्ष 2022 में 142 करोड़ रुपये थी। हालांकि, कंपनी का नुकसान इस दौरान 390 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,272 करोड़ रुपये हो गया है।जेप्टो की ओर से हाल ही में कहा गया कि कंपनी अगले 2 से 3 वर्षों में आईपीओ लाने की योजना बना रही है।क्विक कॉमर्स का ट्रेंड देश में तेजी से बढ़ रहा है।

# टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी ने प्रमुख शहरों में 850 से अधिक चार्जिंग पाइंट्स स्थापित किए

नईदिल्ली,13 जून। टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड , टाटा समूह की सहायक कंपनी, ने घोषणा की कि उसने प्रमुख महानगरीय क्षेत्रों में 850 से अधिक चार्जिंग पॉइंट्स स्थापित किए हैं। यह पहल इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है। कंपनी की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, बेंगलुरु, जम्मू, श्रीनगर, धारवाड़, लखनऊ और गोवा जैसे शहरों के 30 से अधिक बस डिपो में ये चार्जिंग पॉइंट्स स्थापित किए गए हैं।इस नेटवर्क के माध्यम से 1 लाख टन से अधिक टेलपाइप सीओ2 उत्सर्जन को रोका गया है। कंपनी के चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में 180–240 किलोवाट (किलोवाट) की रेंज वाले हाई कैपेसिटी वाले फास्ट चार्जर्स हैं, जिनका औसत चार्जिंग समय 1 से 1.5 घंटे है।दिल्ली टाटा पावर के ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) चार्जिंग पॉइंट्स का उपयोग करते हुए ई–बस उपस्थिति में सबसे आगे है, इसके बाद मुंबई, बेंगलुरु, अहमदाबाद, जम्मू और श्रीनगर का स्थान है। कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, टाटा पावर ई–मोबिलिटी को अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है और विभिन्न ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर ऑपरेटरों के साथ तालमेल बढ़ा रहा है और विभिन्न राज्य सरकारों के परिवहन निगमों को सक्षम बना रहा है,

# सैमसंग फाउंड्री बिजनेस के लिए उपलब्ध कराएगा एआई साल्यूशंस




सोल, 13 जून। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की ओर से गुरुवार को कहा गया कि वो अपने फाउंड्री ग्राहकों के लिए वन स्टॉप कॉम्प्रिहेंसिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सॉल्यूशंस उपलब्ध कराएगा।

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में फाउंड्री बिजनेस के प्रमुख चोई सी–यंग ने कैलिफोर्निया के सैन जोस में हुई सैमसंग की वार्षिक फाउंड्री फोरम में कहा कि इस समय एआई के आसपास कई तकनीक तेजी से उभर रही हैं। इसके कार्यान्वयन के लिए हमारा मुख्य फोकस हाई–परफॉर्मेंस और कम पावर उपयोग करने वाले सेमीकंडक्टर बनाने पर होगा।सैमसंग की ओर से कहा गया कि हम एआई चिप के लिए बनाए गए गेट–ऑल–अराउंड (जीएए) प्रोसेस के अलावा हाई–स्पीड और कम–पावर पर डेटा को प्रोसेस करने के लिए को–पैकेज्ड ऑपटिक्स (सीपीओ) टेक्नोलॉजी अपने ग्राहकों को उपलब्ध कराएंगे, जिससे वे इस बदलाव के दौरान में तेजी से बढ़ सके।

रिपोर्ट में बताया गया कि साउथ कोरिया टेक फर्म की ओर से सैमसंग की वार्षिक फाउंड्री फोरम फाउंड्री बिजनेस के लिए रोडमैप तैयार किया गया। इसमें टेक्नोलॉजी इनोवेशन और एआई के युग को लेकर विजन के बारे में बताया गया।कंपनी ने कहा उसका उद्देश्य 2027 तक एक ऑल–इन–वन, सीपीओ से एकीकृत एआई सॉल्यूशन ग्राहकों को उपलब्ध कराना है।इसके अतिरिक्त सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने नए फाउंड्री प्रोसेस नोड्स एसएफ2जेड और एसएफ4यू को 2 एवं 4 नैनोमीटर के प्रोसेस के साथ उतारने का फैसला किया, जिससे बढ़ती एआई चिप की मांग को पूरा किया जा सके। साथ ही ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी) को टक्कर दी जा सके, जो कि दुनिया की सबसे बड़ी फाउंड्री है।इसके अलावा सैमसंग ने बताया कि आने वाली 1.4 नैनोमीटर के चिप को लेकर काम काफी अच्छा चल रहा है।

# मीठी ड्रिंक्स की लालसा को कम करने के लिए अपनाएं ये 5 प्रभावी तरीके

गर्मियों में लगातार पसीना आने से शरीर में पानी की कमी होने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए गर्मी के मौसम में जैसे–जैसे पारा चढ़ता है, खान–पान पर ध्यान देना चाहिए।शरीर को हाइड्रेट रखना सबसे पहला और महत्वपूर्ण नियम है, लेकिन इस चक्कर में मीठी ड्रिंक्स का सेवन स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर मीठी ड्रिंक्स की लालसा को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है।

भरपूर पानी का करें सेवन

मीठी ड्रिंक्स की लालसा को कम करने का सबसे आसान तरीका एक भरपूर पानी का सेवन करना है।दरअसल, कई लोग प्यास लगने पर मीठी और कार्बोनेटेड ड्रिंक्स पीने का मन होने लगता है ।



# सात फेरे लेंगी या निकाह करेंगी सोनाक्षी

I kनाक्षी सिन्हा के लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल संग शादी करने की खबरें सुर्खियों में छाई हुई हैं लेकिन ये भी कहा जा रहा है कि एक्ट्रेस के मुस्लिम लड़के से निकाह करने को लेकर उनके पिता शत्रुघ्न सिन्हा और भाई लव सिन्हा खुश नहीं हैं।

इन दिनों सोनाक्षी सिन्हा–जहीर इकबाल की शादी चर्चे में है। इसकी खास वजह दोनों का धर्म है। सोनाक्षी जहां हिंदू धर्म को मानती हैं, वहीं उनके प्रेमी जहीर इस्लाम धर्म को मानते हैं। ऐसे में अटकलें लगाई जा रही हैं कि सोनाक्षी निकाह करेंगी या फिर जहीर संग सात फेरे लेंगी। कपल जिस भी धर्म से शादी करेगा जाहिर है कि उस पर बहुत सारी अच्छी–बुरी प्रतिक्रियाएं आएंगी। कपल की शादी को लेकर जो खबरें सामने आई हैं उससे साफ जाहिर है कि दोनों बगैर अपना धर्म बदले ये शादी करेंगे। विवादों से बचने के लिए और जहीर से शादी करने लिए सोनाक्षी ने तीसरा रास्ता अपनाया है। बिना धर्म बदले शादी करने की इजाजत उन्हें स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 के जरिए ही मिल सकती है। इस एक्ट के तहत शादी करने पर सोना को अपना धर्म नहीं बदलना पड़ेगा और वह अन्य सितारों की तरह अपनी लाइफ जीएंगी।

स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 एक्ट के तहत शाहरुख खान और गौरी खान ने भी शादी की थी। सोनाक्षी–जहीर के साथ अभी जो समस्या है वही समस्या शाहरुख की लाइफ में आई थी। जब वे हिंदू धर्म में यकीन करने वाली गौरी से विवाह करने जा रहे थे। विवादों से बचने के लिए और धर्म परिवर्तन किये बगैर दोनों ने कोर्ट मैरिज की थी। इसके बाद दोनों का निकाह भी हुआ और 25 अक्टूबर 1991 को शाहरुख–गौरी हिंदू रीति–रिवाजों से शादी के बंधन में बंधे थे। शाहरुख खान की तरह सैफ अली खान ने पहले अमृता सिंह के साथ कोर्ट मैरिज की थी। हालांकि बाद में दोनों का तलाक हो गया। अमृता से तलाक लेने के बाद सैफ ने फिर से करीना कपूर संग स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 के तरह कोर्ट मैरिज की थी। स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 जिसे एसएमए भी कहते हैं सिविल मैरिज का कानून है जो धर्म की जगह राज्य को विवाह कराने का अधिकार देता है। विवाह, तलाक, बच्चे को गोद लेने जैसे काम धार्मिक नियमों के तहत निर्धारित होते हैं जिन्हे अलग से कानून का रूप दिया गया है। इन्हें पर्सनल लॉ कहा जाता है। मुस्लिम मैरिज एक्ट 1954 और हिंदू मैरिज एक्ट 1955 इसी कानून के तहत आते हैं लेकिन एसएमए में बिना धर्म परिवर्तन किए या अपनी धार्मिक पहचान गंवाए ही दो अलग धर्म (केवल हिंदू या मुस्लिम ही नहीं) के व्यक्ति शादी कर सकते है। भारत में सिविल और धार्मिक दोनों ही तरह के विवाह की स्वीकृति है। ¼fgQh½

# फिल्म कालीचरण ने शत्रुघ्न को बनाया था स्टार



fgदी सिनेमा का दिग्गज सितारा, जिन्होंने अपने करियर की शुरुआत में कई छोटे–छोटे रोल किए दमदार आवाज वाले वो स्टार हैं शत्रुघ्न सिन्हा। साल 1976 में उन्होंने एक ऐसी फिल्म में काम किया था, जिसके लिए वह पहली पसंद ही नहीं थे लेकिन इसी फिल्म ने उन्हें रातोंरात स्टार बनाया था। शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। देखते ही देखते वह लीड एक्टर्स की जमात में खड़े हो गए लेकिन यहां तक आने के लिए उन्हें काफी कुछ झेलना पड़ा था तब जाकर एक्टर की नैया पार लगी थी। आज इंडस्ट्री के दिग्गज कहलाने वाले स्टार शत्रुघ्न सिन्हा को साल 1976 में फिल्म कालीचरण में काम करने का मौका मिला था। इसी फिल्म के बाद उनकी किस्मत का सितारा चमका था। इससे पहले उन्होंने जिन फिल्मों में काम किया, उनसे उन्हें वो पहचान नहीं मिली, जो इस फिल्म से मिली। साल 1976 में आई फिल्म कालीचरण में शत्रुघ्न सिन्हा को पहली बार लीड रोल में अपना टैलेंट दिखाने का मौका मिला था। फिल्म में बतौर स्टार उनकी जिंदगी बदल दी। वह रातोंरात स्टार बन गए थे। फिल्म इतनी बड़ी हिट साबित हुई थी कि फिल्म के डायलॉग लोगों के सिर चढ़कर बोलने लगे थे। शत्रुघ्न सिन्हा से पहले ये फिल्म राजेश खन्ना और सुनील दत्त जैसे स्टार्स को भी ऑफर हुई थी लेकिन बात नहीं बनी क्योंकि फिल्म से किस्मत तो शत्रुघ्न की चमकने वाली थी, फाइनली फिल्म उनके हिस्से में आई और देखते ही देखते वह मेकर्स की पहली पसंद बन गए। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म के लिए सुभाष घई ने ही



# अवनीत कौर और सनी सिंह की फिल्म लव की अरेंज मैरिज का गाना दिल समझदार जारी

अभिनेता सनी सिंह पिछले कुछ समय से अपनी आने वाली फिल्म लव की अरेंज मैरिज को लेकर चर्चा में हैं।इस फिल्म में सनी की जोड़ी छोटे पर्दे की जानी–मानी अभिनेत्री अवनीत कौर के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।अब निर्माताओं ने लव की अरेंज मैरिज का नया गाना दिल समझदार जारी कर दिया है, जिसे सुखविंदर सिंह ने अपनी आवाज दी है।इस गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं।

लव की अरेंज मैरिज छोटे शहर की कहानी है, जिसमें लव और इशिका की लव स्टोरी दिखाई गई है। हालांकि, यह लव स्टोरी इतनी आसान भी नहीं है, जितनी दिख रही है।

लव की अरेंज मैरिज का प्रीमियर 14 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होने जा रहा है।इस फिल्म में सनी और अवनीत के अलावा अन्नू कपूर, सुप्रिया पाठक, राजपाल यादव, सुधीर पांडे और परितोष त्रिपाठी जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।इशरत खान ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।अभिनेता सनी सिंह को आखिरी बार प्रभास और कृति सैनन के साथ फिल्म आदिपुरुष में देखा गया था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी।

लव की अरेंज मैरिज की टक्कर महाराज से होगी, जो 14 जून को ही नेटफ्लिक्स पर आ रही है। इस फिल्म से आमिर खान के बेटे जुनैद खान डेब्यू कर रहे हैं। इस पीरियड फिल्म में जयदीप अहलावत नेगेटिव रोल में हैं।

# मेरे पेरेंट्स मुझे एक्ट्रेस नहीं, एथलीट बनते देखना चाहते थेः अद्रिजा राय

इमली फेम अद्रिजा रॉय इन दिनों टीवी सीरियल कुंडली भाग्य में नजर आ रही हैं. उन्होंने बताया कि उनके पेरेंट्स उन्हें एक्ट्रेस नहीं बल्कि एथलीट बनते देखना चाहते थे. अद्रिजा रॉय ने कहा, मेरे पेरेंट्स चाहते थे कि मैं एक एथलीट बनूं. मैंने पश्चिम बंगाल में नेशनल लेवल पर खेला है और दौड़ में मेडल भी लिए हैं. अपने कॉलेज के दिनों में, जब मैंने एनुअल फंक्शन और थिएटर में हिस्सा लेना शुरू किया तो, मुझे एहसास हुआ कि मैं एक्टिंग में अपना अच्छा करियर बना सकती हूं. उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यह मेरे लाइफ का टर्निंग प्वाइंट था. इन फेस्ट का हिस्सा बनकर, मुझे एहसास हुआ कि एक्टिंग एक ऐसी चीज है जिसे मैं एन्जॉय करती हूं. इसके बाद मैंने कई ऑडिशन दिए.आखिरकार, मेरा शौक पैशन में बदला और मेरी मेहनत रंग लाई. मेरे पेरेंट्स पहले तो खुश नहीं थे, लेकिन अब वह मुझे टीवी पर देख बहुत खुश होते हैं. लाइफ हमें उस जगह ले जाती है जहां हम होना चाहते हैं. शुरू में कोलकाता से मुंबई जाना मुश्किल था, लेकिन अंत भला तो सब भला. अपने पेरेंट्स के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, अब वे मुझे एक एक्ट्रेस के रूप में देख खुश हैं. वे मुझे कुंडली भाग्य में पालकी का खूबसूरत किरदार निभाते हुए देख रोमांचित होते हैं. यह मेरे सपनों को हकीकत में बदलने की दिशा में एक कदम है और मैं वास्तव में खुश हूं कि मेरी जर्नी कैसे आगे बढ़ रही है. कुंडली भाग्य में प्रीता के रोल में श्रद्धा आर्य, करण के किरदार में शक्ति आनंद, राजवीर की भूमिका में पारस कलनावत हैं. वहीं पालकी का किरदार अद्रिजा रॉय निभा रही हैं. इनके अलावा, शौर्य का रोल बसीर अली अदा कर रहे है. शो की कहानी इन्हीं सभी किरदारों के इर्द–गिर्द घूमती है. कुंडली भाग्य जी टीवी पर प्रसारित होता है. वर्कफ्रंट की बात करें तो, अद्रिजा रॉय ने कई रिजनल फिल्में और सीरीज की हैं. उन्होंने अपने करियर की शुरूआत में संन्यासी राजा, जय काली कलकत्तावाली और परिणीता जैसे शो में काम किया. उन्हें लोकप्रियता पोतोल कुमार गांवाला शो से हासिल हुई. यह शो स्टार जलसा पर प्रसारित होता था. कई टीवी सीरियल के बाद, उन्होंने राज चक्रवर्ती एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित फिल्म परिणीता में सपोर्टिव रोल निभाया.



# अनन्या पांडे ने क्राप टाप पहने हुए शेयर किया बेहद क्यूट लुक, फोटोज देख यूजर्स खो बैठे होश



बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे हमेशा अपने स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने बेहद ही क्यूट लुक्स में तस्वीरें क्लिक करवाई हैं जिसमें उनकी खूबसूरती देखकर फैंस का दिल मचल गया है। एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने हाल ही में अपने लेटेस्ट क्यूट अंदाज में फोटोशूट करवाया है, जिसमें वो काफी ज्यादा गॉर्जियस नजर आ रही ।वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो फैंस अक्सर उनके हर एक फोटोज पर अपना दिल हार जाते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी अनन्या पांडे का स्टनिंग लुक देखकर लोग दीवाने हो गए हैं।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने पिंक कलर का क्रॉप टॉप और लोअर पहना हुआ है, जिसमें वो काफी ज्यादा क्यूट और हॉट लग रही हैं।दरअसल, एक्ट्रेस अनन्या पांडे की ये तस्वीरें एक इवेंट के दौरान की है, जहां उनका ये खूबसूरत और प्यारा सा अंदाज देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं।लेटेस्ट शेयर की गई तस्वीरों में एक्ट्रेस अनन्या पांडे कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक हॉट अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं

सिन्धु टाइम्स (हिन्दी दैनिक), स्वामी,प्रकाशक/मुद्रक–इमरान हसन सिद्दीकी द्वारा सीता ऑफसेट, 75 पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ। से मुद्रित कराकर 126/21/1, बी0एन0रोड, निकट इस्लामिया कालेज, लालबाग लखनऊ (उ0प्र0)–226021 से प्रकाशित। सम्पादक इमरान हसन सिद्दीकी R.N.I.NO.UPHIN/2010/39063,MOB.-9935403111, E-Mail:sindhutimes99@gmail.com फोन– 0522–4029211 (नोट–किसी भी वाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।)